**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 84 लखनऊ, शनिवार 09 नवंबर 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## महाराष्ट्र में सार्वजनिक रूप से सावरकर और बाल ठाकरे की तारीफ करके दिखाएं राहुल गांधी को पीएम मोदी की चुनौती

, tI hA



महाराष्ट्र नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की चुनौती दी। मोदी, जिन्होंने चुनावी राज्य महाराष्ट्र में अपना हाई–वोल्टेज अभियान शुरू किया, ने राहुल गांधी के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों को चुनौती दी। महा विकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे का शिवसेना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा नहीं मिलने दिया। कांग्रेस के लोग वीर सावरकर को गाली देते हैं। महाराष्ट्र की धरती पर आकर वीर सावरकर का अपमान करते हैं।नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं... वो कांग्रेस के नेताओं से बाला साहब ठाकरे की, उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं। प्रधानमंत्री का निशाना उद्धव ठाकरे थे, जिनकी शिवसेना (यूबीटी) अपने संस्थापक बाल ठाकरे के दर्शन पर आधारित एक हिंदुत्व पार्टी है और सावरकर को मराठा नायक मानती है। वीडी सावरकर का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी भाजपा के लिए प्रेरणा थे लेकिन महाराष्ट्र में कांग्रेस ने केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी ने आगे कहा कि आज 8 नवंबर है। मैंने चुनौती दी है। अब मैं दिन गिनूंगा। एमवीए सहयोगियों को कांग्रेस नेताओं या उनके युवराज को सावरकर की प्रशंसा में 15 मिनट तक बोलने दें। उन्होंने सवाल किया कि उद्धव की पार्टी कांग्रेस के साथ कैसे गठबंधन कर सकती है, जो न तो सावरकर का सम्मान करती है और न ही बालासाहेब का। ऐसा कहकर उनका उद्देश्य इस मुद्दे पर एमवीए में दरारें पैदा करना है क्योंकि गांधी ने अतीत में सावरकर के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की है।

## नोटबंदी के आठ साल : अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता।

लखनऊ ''भाजपा ने अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था बना दिया है। रुपया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद करने का ऐलान किया था।। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोटबंदी के आठ साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में इसके नाम पर एक पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम पर एक पूरे–का–पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा।आज नोटबंदी की 8वीं सालगिरह के ठीक एक दिन पहले ही, कल रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर स्थिति में आ गया। जनता पूछ रही है क्या ये नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से हुआ या भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से।"उन्होंने कहा, "अब क्या भाजपाई फिर ये कहेंगे कि देश के इतिहास में रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुंचकर 'रिकार्डतोड़' नहीं गिरा है बल्कि डॉलर ऊपर उठा है।"यादव ने कहा, ''भाजपा ने



अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था बना दिया है। रुपया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद करने का ऐलान किया था।। नोटबंदी की यह घोषणा उसी दिन आधी रात से लागू हो गई। इससे कुछ दिन देश में अफरातफरी का माहौल रहा और बैंकों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं।

## कोर्ट में हाजिर होंगे राजस्थान के सीएम व्यक्तिगत पेशी में छूट वाली याचिका खारिज

एजेंसी।

राजस्थान याचिका में अनुरोध किया गया था कि शर्मा को मुख्यमंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारियों और उनके पद की लगातार यात्रा की मांगों के कारण मामले में भविष्य की सुनवाई के लिए अदालत में उपस्थित होने से बचने की अनुमति दी जाए। हालाँकि, अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि शर्मा की जमानत सम्मन किए जाने पर अदालत में पेश होने के लिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर थी। में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) अदालत ने 2011 के गोपालगढ़ दंगा मामले में अदालत में पेशी से स्थायी छूट की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की याचिका खारिज कर दी है। याचिका में अनुरोध किया गया था कि शर्मा को मुख्यमंत्री के रूप में उनकी



जिम्मेदारियों और उनके पद की लगातार यात्रा की मांगों के कारण मामले में भविष्य की सुनवाई के लिए अदालत में उपस्थित होने से बचने की अनुमति दी जाए। हालाँकि, अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि शर्मा की जमानत सम्मन किए जाने पर अदालत में पेश होने के लिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर थी।भजनलाल शर्मा, कांग्रेस नेता जाहिदा खान और अन्य को 2011 में भरतपुर जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों के सिलसिले में अग्रिम जमानत दी गई थी। मेव मुस्लिम और गुज्जर समुदायों के बीच भूमि विवाद से उपजे दंगों के कारण हिंसक झड़पें हुईं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दस लोगों की मौत हो गई और 45 से अधिक लोग घायल हो गए। मामले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च 2012 में आरोप पत्र दायर किया, जिसमें 15 व्यक्तियों को शामिल किया गया।

## बंगाल के मुख्यमंत्री बनेंगे अभिषेक बनर्जी? टीएमसी में बदलाव के लिए ममता को सौंपा प्रस्ताव

एजेंसी।

बंगाल ममता की पार्टी के नेता कुणाल घोष का सोशल मीडिया पोस्ट की खूब चर्चा हो रही है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं खुद राजनीति में सक्रिय हूं या नहीं, इस उभरते सितारे पर मेरी कड़ी नजर रहेगी। उम्र में छोटा है लेकिन जब तक मैं जमीनी स्तर पर सक्रिय हूं, वह मेरा नेता है। अभिषेक एक दिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनेंगे और तृणमूल कांग्रेस को एक नये युग में ले जाएंगे। राजनीति में चाचा और भतीजे के बीच कुर्सी की जंग कई बार देखी है। लेकिन पहली बार होगा कि जब बुआ की कुर्सी पर भतीजे के बैठने की चर्चा होने लगी है। क्या पश्चिम बंगाल में चीफ मिनिस्टर बदलने वाला है। ममता के बाद उनके भतीजे अभिषेक के बैठने को लेकर चर्चा क्यों होने लगी है। ममता की पार्टी के नेता कुणाल घोष का सोशल मीडिया पोस्ट की खूब चर्चा हो रही है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं खुद राजनीति में सक्रिय हूं या नहीं, इस उभरते सितारे पर मेरी कड़ी नजर रहेगी। उम्र में छोटा है लेकिन जब तक मैं जमीनी स्तर पर सक्रिय हूं, वह मेरा नेता है। अभिषेक एक दिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनेंगे और तृणमूल कांग्रेस को एक नये युग में ले जाएंगे। तमाम अटकलों के बीच तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने संगठन के भीतर बड़े फेरबदल की सिफारिश की है, जिसमें लगभग 120 नगर पालिकाओं में नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जहां पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन किया था। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने उन दस जिलों में इकाई प्रमुखों को बदलने का भी सुझाव दिया जहां टीएमसी का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। अपनी चाची और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में, अभिषेक बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस में प्रदर्शन–आधारित फेरबदल का



भी प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य इसकी प्रभावशीलता को मजबूत करना और चुनावी जवाबदेही में सुधार करना है। लोकसभा चुनाव में टीएमसी को 29 सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी 12 सीटें हासिल करने में कामयाब रही। अपनी सिफारिशों के बारे में मीडिया से बात करते हुए, अभिषेक बनर्जी ने कहा, ष्मैंने विदेश जाने से पहले सभी नागरिक निकायों के प्रदर्शन और सिफारिशों के बारे में पार्टी अध्यक्ष (ममता बनर्जी) को एक रिपोर्ट भेजी थी। इन सिफारिशों को लागू करना उन पर निर्भर है। सूत्रों के मुताबिक, इस फेरबदल का मकसद 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में अधिक एकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना है। नवंबर में होने वाले उपचुनावों के बाद बदलाव लागू होने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव के बाद के विश्लेषण से पता चला कि टीएमसी ने कुछ नगरपालिका क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिसके बाद विभिन्न जिलों से गहन रिपोर्ट ली गई। उसके बाद, अभिषेक बनर्जी को क्षेत्रों में बड़े बदलावों का सुझाव देते हुए एक नई सूची तैयार करने का काम सौंपा गया।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम पर एक पूरे-का-पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा - अखिलेश यादव

,संवाददाता।

लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम पर एक पूरे–का–पूरा अध्याय सिर्फ काले रंग से ही छापा जाएगा। नोटबंदी की 8वीं सालगिरह के ठीक एक दिन पहले ही, रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर स्थिति में आ गया। बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रूपया 84.23 प्रति डॉलर पर खुला। तेजी से रूपए में यह गिरावट चिंतनीय है। जनता पूछ रही है क्या ये नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से हुआ या भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से। अब क्या भाजपाई फिर ये कहेंगे कि देश के इतिहास में रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुँचकर 'रिकार्डतोड़' नहीं गिरा है बल्कि डॉलर ऊपर उठा है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था को अनर्थ व्यवस्था बना दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थ व्यवस्था को बर्बाद कर दिया, आज जो चरम महंगाई, बेरोजगारी दिखाई दे रही है उसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार ने महंगाई कम करने के झूठे वादे किए लेकिन 10 साल में महंगाई कम होने के बजाय लगातार बढ़ती रही हर चीज के दाम बढ़ गए। आम जनता महंगाई बेरोजगारी से तबाह है। कहा कि भाजपा सरकार ने देश की जनता को टैक्सों के जाल में फंसा कर लूटने का काम कर रही हैं। जनता महंगाई के चक्रव्यूह में फंसकर छटपटा रही है। सब्जियों, दालों, तेल के दामों में मानों आग सी लगी हैं। मुनाफाखोरी और जमाखोरी पर कोई लगाम नहीं है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। जनता महंगाई से कराह रही है। भाजपा के मित्र उद्योगपति मालामाल हो रहे हैं। गरीब परिवारों की तो छोड़िए निम्न, मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए खाने–पीने के सामान उनकी पहुंच से बाहर जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की जेब काटकर बड़े उद्योगपतियों को मुनाफा करा रही है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से गरीब और गरीब होता जा रहा है जबकि अमीर और अमीर होता जा रहा है। क्या यही सबका साथ, सबका विकास है? कहा कि पांच ट्रिलियन और एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने का दावा करने वाली डबल इंजन भाजपा सरकार पीडीए की एकजुटता से डरी हुई हैं। उसकी नकारात्मक बातों से साफ दिखाई पड़ रहा है कि वह उपचुनाव की हार से बहुत डरी हुई है। भाजपा की अपनी कोई उपलब्धि न होने से वह ऊलजुलूल की बाते करके लोगों को गुमराह करने में लगे हुए हैं। भाजपा की असलियत से सभी अवगत हो चुके हैं। जनता अब भाजपा की नकली मुस्कान और बहकावे में नहीं आने वाली है।

## राहुल गांधी को मोहन यादव ने बताया फुस्सी बम, बोले- उनमें दम नहीं, सोरेन सरकार पर भी लगाया बड़ा आरोप

भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर झारखंड की राजधानी रांची को पाकिस्तानी शहर कराची में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, झारखंड में हिंदुओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को झारखंड में चुनावी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंन राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें फुस्सी बम बताया और कहा कि उनमें दम नहीं हैं। पांकी में जनसभा को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने कहा कि जब रामलला का गर्भगृह में प्रवेश हो रहा था। हेमंत सोरेन कभी गए क्या? इनकी पत्नी को भेजा क्या? कोई एक कांग्रेसी अप्पू चप्पू उनके भाई–बहन कोई गया क्या? कोई नहीं गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वोटिंग वाले दिन इतनी ताकत से बटन दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े। भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर झारखंड की राजधानी रांची को पाकिस्तानी शहर कराची में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, झारखंड में हिंदुओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण झारखंड में हिंदू आबादी में गिरावट के लिए झामुमो और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर बांग्लादेश से घुसपैठ को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया, इसके अलावा झामुमो और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राज्य में हिंदुओं की घटती आबादी के पीछे होने का आरोप लगाया। लातेहार में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्हें लगता है कि जनता मूर्ख है। आपका वोट एक नया सवेरा लाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड नंबर एक राज्य बनेगा। कांग्रेस और राहुल पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग लोकतंत्र के खिलाफ हैं, जिनकी दादी ने आपातकाल लगाया था, ये नकली गांधी अपने ही लोगों का अपमान करेंगे।



## भाजपा का आरोप, दिल्ली सरकार की मिलीभगत से हुआ डिस्काम घोटाला, शराब घोटाले से भी है बड़ा

, tI hA

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है पावर डिस्कॉम में हेरफेर के भाजपा के आरोप पर आप की बौखलाहट ने स्थापित कर दिया है की यह पावर डिस्कॉम एवं दिल्ली सरकार की मिलीभगत से हुआ यह पावर डिस्कॉम घोटाला तो शराब घोटाले से भी बड़ा घोटाला है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की हम शीघ्र दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर मांग करेंगे की दिल्ली की तीन मे से दो पावर डिस्कॉम जो बीएसइएस समूह से जुड़ी है के पिछले 10 वर्ष के खातों की जांच के आदेश दें। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कल भाजपा ने एक प्रश्न उठाया की दिल्ली में 3 पावर डिस्कॉम हैं जिनमे से एक लाभ मे चल रही है दो घाटे मे चल रही हैं जबकि तीनों की बिजली खरीदने बेचने की सभी परिस्थिती एक सी हैं। हमने बताया की एक कम्पनी सरकार को सैकड़ों करोड़ का लाभ डिविडेंड दे रही है शेष दो हजारों करोड़ का घाटा दिखा रही हैं।साथ ही हमने कहा की यह आश्चर्यजनक है की आखिर क्यों दिल्ली सरकार लगातार घाटा दिखा रेगुलेटरी असैट बना रही निजी कम्पनियों पर कोई कार्रवाई नही कर रही जबकि इस मूल कम्पनी ने ओडिशा में बारे बार घाटा दिखाया तो राज्य सरकार ने इस कम्पनी का कांट्रैक्ट रद्द कर दिया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा की भाजपा ने हेरफेर का आरोप दो निजी कम्पनी पर लगाया और सरकार की नियती पर सवाल उठाया तो उन्हें जवाब देना चाहिए था पर वो दोनो चुप हैं जो कहीं ना कहीं आरोप की मौन स्वीकृति है।दिल्ली भाजपा का आरोप यदि गलत होता तो डिस्कॉम या सरकार जवाब देते पर जवाब दें रही है सत्ताधारी आम आदमी पार्टी पर ष्आपष भी भाजपा के पावर डिस्कॉम के खातो में हेरफेर के आरोप को नाकार नहीं रही वो सिर्फ अपनी फ्री बिजली पानी की रही रटाई कहानी सुना कर पावर डिस्कॉम एवं सरकार के मिले जुले घोटाले से जनता का ध्यान भटकाने चाह रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है हम पुनरू दिल्ली सरकार से मांग करते हैं कि वह बताये आखिर क्यों उसने नियमों के विरूद्ध दस साल तक घाटे के नाम पर रेगुलेटरी असैट निजी कम्पनी को बनाने दिये।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है पावर डिस्कॉम में हेरफेर के भाजपा के आरोप पर आप की बौखलाहट ने स्थापित कर दिया है की यह पावर डिस्कॉम एवं दिल्ली सरकार की मिलीभगत से हुआ यह पावर डिस्कॉम घोटाला तो शराब घोटाले से भी बड़ा घोटाला है।



## चंद्रचूड़ हो गए रिटायर, इन 5 फैसलों के लिए हमेशा किए जाएंगे याद

एजेंसीं

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल दो साल से थोड़ा अधिक का रहा। अपने कार्यकाल के दौरान, वाईवी चंद्रचूड़ ने संजय गांधी को फिल्म किस्सा कुर्सी का के एक मामले में जेल की सजा सुनाई थी। ऐसे में आपको जस्टिस चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों के बारे में बताते हैं।8 नवंबर भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल का अंतिम दिन था। अपने अंतिम कार्य दिवस पर डीवाई चंद्रचूड़ ने कृतज्ञता और विनम्रता के साथ अपनी न्यायिक यात्रा पर विचार साझा किया। इस दौरान वो भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा कि अगर मैंने कभी अदालत में किसी को ठेस पहुंचाई है, तो कृपया मुझे उसके लिए माफ कर दें। पूर्व सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ के बेटे के रूप में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के पद तक पहुंचने वाले पिता–पुत्र की एकमात्र जोड़ी रही थी। न्यायमूर्ति वाईवी चंद्रचूड़ को 1978 में सीजेआई के पद पर नियुक्त किया गया था और वह 1985 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने इस पद पर सात साल के सबसे लंबे कार्यकाल तक सेवा की हैं। उनके बेटे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल दो साल से थोड़ा अधिक का रहा। अपने कार्यकाल के दौरान, वाईवी चंद्रचूड़ ने संजय गांधी को फिल्म ष्किस्सा कुर्सी काष के एक मामले में जेल की सजा सुनाई थी। ऐसे में आपको जस्टिस चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों के बारे में बताते हैं।

## माता-पिता की सेवा परम धर्म है शंकराचार्य - स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

लखनऊरू ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ–पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु–शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती ने वामा ऐप के सह संस्थापक डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव के निवास विशालखंड 2ध्201 गोमतीनगरपर गोष्ठी में सम्मिलित होकर भक्तों को दर्शन दिए एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सहजता से जवाब देने के साथ साथ उनके विचारों का भी नई दिशा दी।पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु–शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती ने गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि माता पिता की सेवा करना आदिकाल से परमधर्म माना गया है और यह वर्तमान में भी चरितार्थ है। माता–पिता की सेवा कर अपनी सेवा का मार्ग प्रशस्त करते हैं इसलिए यह हमारा भ्रम है कि हम माता–पिता की सेवा कर कोई बड़ा कार्य कर रहे हैं या उन पर एहसान कर रहे हैं। मात्र देव भव, पित्र देव भव, अतिथि देवो भव, आचार्य देव भव, इन सभी शब्दों में देव शब्द आता है। देव शब्द की सभी रूपों में अभिव्यक्ति है देव शब्द सब में अंकित है। वर्तमान में हर त्यौहार अब लगभग दो दिन होने लगे हैं इसको लेकर शंकराचार्य जी ने कहा पंचांगो में भेद की वजह से हर त्यौहार अब लगभग दो दिन मनाने का चलन शुरू हो गया है। हिंदू धर्म और सनातन धर्म पर बात करते उन्होंने कहा हिंदू धर्म है और खालसा पंथ है हम धर्म के भी पक्षधर हैं और पंथ के भी पक्षधर हैं हम दोनों को साथ लेकर चलते हैं अपनी बात को आगे बढ़ते हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सबसे घातक अस्त्र जो किसी भी मनुष्य के लिए है वह शब्द भेदी बाण। हमारे समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम जिन्हे आंसू पूछने वाला समझते हैं वही हमारे आंसू बढ़ा कर चले जाते हैं।वामा ऐप के सह संस्थापक डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है

# एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस मनाया गया

नई दिल्ली । द्वारका एनटीपीसी फैमिली फोरम द्वारा गणपति अपार्टमेंट सेक्टर 9, द्वारका, नई दिल्ली में एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस मनाया गया । एनटीपीसी 76,000 मेगावाट से अधिक की स्थापित क्षमता के साथ भारत के विकास को गति देने वाली अग्रणी बिजली उत्पादन कंपनी है । एनटीपीसी की स्थापना 7 नवंबर 1975 को हुई थी और इस वर्ष 7 नवंबर को यह अपने अस्तित्व के स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है।एनटीपीसी के अनेक सेवानिवृत कर्मचारी दिल्ली के द्वारका उप–नगर में रहते हैं द्य वर्ष 2019 में उन्होंने द्वारका एनटीपीसी फैमिली फोरम बनाया, जो लोगों से जुड़ता है, खुशियाँ और दुख साझा करता है और सफल जीवन के बारे में समाज में जागरूकता पैदा करता है। एनटीपीसी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर द्वारका एनटीपीसी परिवार ने अपने सदस्यों और मेहमानों के लिए एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जिसमे खानपान एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया। गणपति सोसायटी के अध्यक्ष श्री गुलशन मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया और द्वारका एनटीपीसी फैमिली फोरम के अध्यक्ष डॉ. जे.के.मेहता ने एनटीपीसी और इसकी समृद्ध विरासत का अवलोकन किया और द्वारका एनटीपीसी फैमिली फोरम की कोर कमेटी – श्री जी.सी.अग्रवाल, श्री ओ.पी.पुरी, सुश्री अनिता मारवाहा, सुश्री मंजुलता जैन और डॉ.जे.के. मेहता ने फोरम के लोगो के साथ लैपल बैज और फ्रिज मैग्नेट जारी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री एस.सी.शुक्ला द्वारा गणपति वंदना, एनटीपीसी परिवार की महिलाओं द्वारा एनटीपीसी गीत का गायन , श्री नरेश सचदेवा द्वारा माउथ ऑर्गन पर गीत, श्री संजीव कुमार द्वारा कविता पाठ और एनटीपीसी परिवार के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति सम्मिलित थी । उपस्थित वरिष्ठतम सदस्य श्री वी.के. अहलूवालिया जी ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए । कार्यक्रम के अंत में सुश्री अनीता मारवाहा द्वारा कुछ पार्टी गेम्स का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का समापन सुश्री अनीता मारवाहा द्वारा अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।







# डा. जगदीश गाँधी मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेन्ट का दूसरा दिन उद्घाटन

## काँटे के मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया बाल फुटबालरों ने

लखनऊ, 8 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में चौक स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित किये जा रहे चार दिवसीय डा. जगदीश गाँधी मेमोरियल इण्टर–स्कूल फुटबाल टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन आज विभिन्न छात्र टीमों के बीच काँटे का मुकाबला देखने को मिला और लगभग सभी टीमों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों को प्रभावित किया। इस टूर्नामेन्ट के अन्तर्गत आज खेले गये पहले मैच में सी.एम.एस. राजाजीपुरम कैम्पस ने सी.एम.एस. चौक



कैम्पस को 2–0 से हराया। सी.एम.एस. राजाजीपुरम की ओर से श्रेष्ठ ने छठे मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई जबकि इसी टीम के सिद्धान्त ने 20वें मिनट में एक और गोल कर अपनी टीम को 2–0 से आगे कर दिया और यह बढ़त खेल के अन्त तक बरकरार रही। एक और मुकाबले में सेठ ए आर जयपुरिया स्कूल, गोल्फसिटी ने सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस को 2–1 से हराया। विजयी टीम की ओर से दिवित ने 22वें एवं 42वें मिनट में दो शानदार गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसी प्रकार, डेलही पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम एवं काल्विन ताल्लुकेदार्स कालेज के बीच खेले गये मैच में डीपीएस जानकीपुरम ने 2–0 की धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया। डीपीस जानकीपुरम की ओर से आनंद वर्धन दुबे एवं विल्डन मुस्तफा ने क्रमशः 13वें एवं 45वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इसी प्रकार, लामार्टिनियर कालेज ने सी.एम.एस. राजाजीपुरम को 2–0 से हराया जबकि सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस ने सी.एम.एस. महानगर कैम्पस को 2–0 से मात दी।

# पदोन्नति प्राप्त पुलिस अधिकारियों की पिपिंग सेरेमनी

लखनऊ संवाददाता। श्री प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा आज दिनांक



पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार में सेलेक्ट लिस्ट–2023 के पदोन्नति कोटे में कुल रिक्ति पद के सापेक्ष प्रान्तीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले अधिकारियों की पिपिंग सेरेमनी की गयी।

पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा पिपिंग सेरेमनी में उपस्थित पुलिस मुख्यालय में नियुक्त श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, श्री लाल भरत कुमार पाल, श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती अमृता मिश्रा व श्री अजय प्रताप को रैंक लगाया गया एवं पदोन्नति पाये समस्त 22 पुलिस अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक व अपर पुलिस महानिदेशकध्पुलिस महानिदेशक के जीएसओ उपस्थित रहे।

# लखनऊ की चिनहट पुलिस को मिली बड़ी सफलता

लखनऊ संवाददाता। बीते 5 नवंबर को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा 3 शातिर चोरों को पुलिस ने किया अरेस्ट!!

गिरफ्त ने आए आरोपियों की रहमान,अल्ताफ व नौशाद के रूप में हुई पहचान पकड़े गए आरोपी बंद घरों को बनाते थे अपना निशाना!!



आरोपी रहमान पर पूर्व में भी 18 मुकदमे हैं दर्ज आरोपी अल्ताफ पर भी पूर्व में 6 मुकदमे हैं दर्ज आरोपी रहमान और अल्ताफ दोनों हैं सगे भाई!!

पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी के जेवरात किए बरामद!!

आरोपियों को अरेस्ट करने में SO चिनहट भरत पाठक की पुलिस टीम व DCP East की क्राइम टीम ने निभाई भूमिका!!

आरोपियों को अरेस्ट करने वाली टीम को DCP East शशांक सिंह ने 15 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की!!

# सी.एम.एस. शिक्षिका सम्मानित

लखनऊ, 8 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका सुश्री पूजा टंडन को छात्रों के सर्वांगीण विकास की उनकी प्रतिबद्धता एवं नृत्य के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान हेतु 'आउटस्टैंडिंग डांस टीचर अवार्ड' से नवाजा गया है। अभी हाल ही में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सुश्री टंडन को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि पंद्रह वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर में सुश्री टंडन ने कथक और वेस्टर्न डांस दोनों में उल्लेखनीय योगदान दिया है एवं नृत्य के माध्यम से छात्रों की नैसर्गिक रचनात्मकता, अनुशासन एवं कलात्मकता को निखारने व संवारने के साथ ही उनके व्यक्तित्व विकास में अतुलनीय भूमिका निभाई है। आपके मार्गदर्शन में अनेक छात्रों ने नृत्य एवं संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि हेतु सुश्री पूजा टंडन को हार्दिक बधाई दी है।सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।




# छठ पूजा के दौरान हुए हादसे, मातम में बदली खुशियां

गाजीपुर संवाददाता। गाजीपुर के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर मौजा के पास स्नान करते वक्त दो किशोर गंगा में डूब गए। एक किशोर तैरना जानता था, लेकिन दूसरे किशोर को बचाने के चक्कर में वह भी डूब गया। दोनों किशोर डाला छठ के पर्व पर गंगा तट गए थे। दोनों की मौत की सूचना मिलते ही पर्व की खुशी गम में बदल गई।

थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर, नगदीलपुर गांव निवासी सर्वजीत चौधरी (17) पुत्र शैलेश चौधरी, अरूण चौधरी (14) पुत्र हरिकेश चौधरी छठ पूजा करने को लेकर अपने परिजनों के साथ गोविंदपुर मौजे के पास स्थित गंगा घाट पर पहुंचे थे। गंगा में स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए।

सर्वजीत तैरना जानता था। जबकि अरूण को तैरना नहीं आता था। अरूण को डूबता देखकर सर्वजीत उसे बचाने के लिए हाथ बढ़ाकर उसको खिंचना चाहा, लेकिन अचानक दोनों डूबने लगे। घाट पर काफी भीड़ इकट्ठा थी। कुछ लोग दोनों को बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दिए, लेकिन पानी में ज्यादा बहाव होने के चलते दोनों 100 मीटर दूर निकल गए। ग्रामीणों ने 112 नंबर डायल कर इसकी सूचना दी।

भुड़कुड़ा कोतवाली के हुसनपुर गांव में शुक्रवार को स्नान करते



वक्त पोखरे में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक की भाभी डाला छठ का व्रत रखी थीं। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में डाला छठ पर्व की खुशी मातम में बदल गई।

संतोष वनवासी (25) डाला छठ के पर्व को लेकर परिवार की महिलाओं संग हुसनपुर पोखरे पर आया था। पोखरे के किनारे डाला छठ का पर्व करने के लिए भाभी सीमा पहुंची थीं। उनके साथ संतोष की पत्नी रोशनी व बहन भी पोखरे के तट पर गई थी। इनके साथ पोखरे पर संतोष वनवासी भी पहुंचा था।

एक ओर घर की महिलाएं भगवान भाष्कर की अराधना में जुटी थीं, तो दूसरी तरफ संतोष अर्घ्य देने के लिए पोखरे में स्नान करने पहुंचा। हालांकि परिवार की महिलाओं ने मना किया कि अभी अर्घ्य देने का वक्त नहीं हुआ है, लेकिन वह नहीं माना और पोखरे में स्नान करने चला गया। स्नान करते वक्त वह गहरे पानी में समा गया। उसको पोखरे में डूबता देख मौके पर मौजूद लोग उसको बाहर निकाले।

संतोष को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया लाया गया। डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। यह सूचना मिलते ही पर्व की खुशियां गम में बदल गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संतोष की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसका एक पुत्र है। भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बुद्धिजीवियों ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

लखनऊ संवाददाता। पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी ने न्यू हैदराबाद स्थित बांदी हाउस में बैठक बुलाकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया गया। इस बैठक में मदरसों के सम्बन्ध में लिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी छात्रों के हित में लिया हुआ फैसला बताया गया।



बैठक में पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को भले ही अल्पसंख्यक दर्जा मिला हुआ है लेकिन उसने शिक्षा देने के मामले में कभी किसी विद्यार्थी से ध र्म के [redacted]

# अयोध्या से दर्शन करके घर जा रहे परिजनों की कार ट्रक में घुसी

(प्रयागराज) संवाददाता। आयोध्या से दर्शन कर कार से घर जा रहे परिजनों की कार ट्रक में घुस जाने से एक ही परिवार के सात लोग जख्मी हो गए। जबकि उपचार के लिए ले जा रहे एक बालक की मौत हो गई। दंपती की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना शुक्रवार को तड़के हुई।

मध्यप्रदेश के रीवां गल्ला मंडी गोविंद गढ निवासी शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपने परिजनों और रिश्तेदारों को दो कार से लेकर अयोध्या दर्शन करने गए थे। वापसी के समय भोर में लगभग तीन बजे कार मऊआइमा इलाके के जोगापुर गल्ला आढत के पास आढ तिरछा खडी ट्रकों में कार पीछे से घुस गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निकाला।

मौका पाकर ट्रक चालक भाग निकला। क्षतिग्रस्त कार में बैठे शिवांशु गुप्ता उर्फ छोटा गेलू (10) पुत्र फूलचंद्र की हालत नाजुक हो गई। पलक गुप्ता (18) पुत्री अरविंद, सेजल (23) पुत्री फूलचंद्र, कमलेशा देवी (40) पत्नी शैलेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार (45), तनु (13) ,पीहू (19) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊआइमा लाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सभी को शहर भेज दिया। शिवांशू उर्फ छोटा गोलू (10) पुत्र फूलचंद्र की उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही सांसें थम गईं। कमलेशा देवी (40) और उनके पति शैलेंद्र कुमार गुप्ता की हालत नाजुक बनी हुई है। परिवार के मनीष गुप्ता ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस शहर जा कर शिवांशु के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मऊआइमा के जोगापुर फोरलेन पर गल्ला आढत सड़क पर लगती जहां आए दिन कोई न कोई घटना होती रहती है। बताया गया है कि इसके पूर्व कई हादसा फोरलेन पर इन गल्ला आढत व्यापारियों के कारण हो चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं पूर्ण किया व्रत

प्रयागराज संवाददाता। छठ महापर्व के चौथे व अंतिम दिन शुक्रवार को महिलाओं ने सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत



को पूर्ण किया।। भोर से ही संगम तट समेत गंगा और यमुना के घाटों पर महिलाओं की भारी भीड़ जमा हो गई। घाटों पर मेले जैसा नजारा रहा। पानी में खड़ी होकर महिलाओं ने सूप में पूजन और प्रसाद सामग्री लेकर उगते हुए भगवान भास्कर को नमन करने के सात परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही छठी मैया और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। महिलाओं ने एक दूसरे की मां में सिंदूर लगाया और अखंड सौभाग्य की कामना की।

संगम तट समेत बलुआ घाट, किला घाट, सरस्वती घाट, दारागंज घाट, काली घाट, महावीर घाट, रामघाट समेत नैनी, फाफामऊ, झूंसी, शंकरगढ़, मेजा, करछना, बारा, सोरांव, श्रृंगवेरपुर आदि गंगा घाटों पर महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के मंगलमय भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की। घाटों पर साफ–सफाई का विशेष प्रबंध किया गया था।

संगम तट पर भगवान सूर्य की प्रतिमा दर्शन के लिए भी काफी भीड़ रही। संगम तट पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होने का दावा जिला प्रशासन ने किया है। घाटों पर बड़ी संख्या में पुलिस, महिला सिपाहियों के साथ जल पुलिस की भी तैनाती की गई थी। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने परिवार के साथ श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन भी किया।

सूर्य उपासना का महापर्व डाला छठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह 6रू30 के करीब व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। गंगा, यमुना और टोंस नदी समेत नहर व तालाबों में व्रती महिलाओं ने परंपरागत तरीके से गन्ने को पानी में गाड़ कर विधि विधान से छठी मैया का पूजा अर्चना किया।

इसके बाद उगते सूर्य को अर्ग देकर व्रत को पूर्ण किया। व्रती महिलाओं के साथ घाट पर मौजूद पुत्र पति व परिवार के अन्य सदस्यों ने भी सूर्य को अर्घ्य दिया। डाला छठ पर्व को लेकर बृहस्पतिवार रात से ही घाटों पर ढोल नगाड़ा व भक्ति गीतों की गूंज रही।

घाट पर मौजूद लोगों के द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई। कौशाम्बी और प्रतापगढ़ में भी गंगा, यमुना और सई नदी के तट पर व्रती महिलाओं की भोर से ही भारी भीड़ देखी गई। ढोल नगाड़ों के बीच महिलाओं ने विधि–विधान से पूजा अर्चना की।

# संपादकीय

## भारत को अब भी सतर्कता बरतने की जरूरत

फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 तक जाते थे। ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है।भारत– चीन के बीच लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सवा चार साल से जारी गतिरोध के समाधान की दिशा में दोनों देशों ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। हालांकि यह पहला कदम है, फिर भी दोनों देशों के रुख में बदलाव का यह स्पष्ट संकेत है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले सोमवार को एलान किया कि दोनों देश टकराव के बचे दोनों स्थलों– देपसांग और देमोचोक में भी अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने पर राजी हो गए हैं।

वैसे भारत की मांग रही है कि चीन ने अप्रैल 2020 के बाद पूरे एलएसी पर सेना की जो असामान्य तैनाती कर रखी है, उसे वह वापस ले। उसके बाद दोनों देश संबंध सुधार की तरफ बढ़ें। मगर फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के पहले जाते थे। इस पेट्रोलिंग के साथ भी कुछ शर्तें जुड़ी होंगी। इनमें एक यह भी है कि दोनों देश जब वहां पेट्रोलिंग के लिए जाएंगे, तो उसके पहले एक दूसरे को सूचित करेंगे। इस तरह ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है। इसके अलावा आर्थिक एवं भू–राजनीति के क्षेत्र में सहयोग के लिए भी अनुकूल स्थितियां बनेंगी। ब्रिक्स प्लस एवं शंघाई सहयोग संगठन जैसे उभरते मंचों पर भारत और चीन जैसे बड़े देशों के तनाव का असर साफ नजर आता था। आशा है कि ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहे ऐसे मंच अब उस असर से बच पाएंगे। इसका संकेत रूस के कजान शहर में शुरू हो चुके ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन से ही देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एलएसी पर अत्यधिक तैनाती से भारत के राजकोष पर जो अतिरिक्त बोझ पड़ रहा था, उससे भी देश राहत पा सकेगा। वैसे कहा जाता है कि जिन देशों से तनावपूर्ण संबंध हों, उनके हर कदम पर यकीन पूरे सत्यापन के बाद ही किया जाना चाहिए। भारत को यह सतर्कता अब भी बरतने की जरूरत है।

## क्या सरकारों ने एक भी नीति बीमार की चिकित्सा में लूटमार को रोकने की बनाई है

कभी भारत में एक नीति आयोग हुआ करता था। नीतियों की घोषणाओं की प्रेस कॉन्फ्रेस हुआ करती थी। संसदीय कमेटियों में विचार और जानकारों व जनता की फीडबैक पर नीति बनती थी। कैबिनेट और संसद में बहस होती थी। लेकिन अब कानून बनते हैं, रेवड़ियां बनती हैं मगर नीति नहीं। अर्थात नेता वोट पटाने का आइडिया सोचता है और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री अफसर को आदेश देता है। और कानून बन जाता है। यह ढर्रा बुलडोजर राज का प्रतिनिधि है। तभी इस सप्ताह यह जान हैरानी नहीं हुई कि उत्तर प्रदेश सरकार खाने–पीने की चीजों में श्थूकनेच्च जैसी कथित करतूतों को रोकने का कानून ला रही है। तीन से पांच साल तक की जेल और एक लाख रुपयए तक के जुर्माने की सजा का इसमें प्रावधान संभव है।

इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अक्टूबर को अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की। दो अध्यादेश तैयार हो रहे हैं। इनका नाम श्छद्म और सद्भाव विरोधी गतिविधियों की रोकथाम और थूकने का निषेध अध्यादेश 2024च्च और श्उत्तर प्रदेश खाद्य में संदूषण की रोकथाम (उपभोक्ता को जानने का अधिकार) अध्यादेश 2024च्च होगा। शासन को इसकी जरूरत का अहसास सोशल मीडिया के वीडियो से हुआ। जूस, दाल, रोटी जैसी खाने–पीने की चीजों में दुकानदार या रसोईए का कथित तौर पर थूकना, आटे में पेशाब मिलाने, एक नाबालिग लड़के को रोटियों पर थूकते हुए, फलों के जूस में थूकने के इन असली–नकली वीडियो को सरकार ने गंभीर माना। और निदान के लिए में नए कानून का निर्माण!

सोचें, भारत में शासन, समाज और राजनीति आज कैसी है? इसी सप्ताह विश्व बैंक की रिपोर्ट थी। उस अनुसार चरम गरीबी के पैमाने में 6.85 डॉलर प्रति दिन खर्च की क्षमता में भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। हंगर इंडेक्स के ये आंकड़े और मानव–सामाजिक विकास संबंधी ऐसी रिपोर्टें हर साल आती हैं। लेकिन भारत में इनकी चिंता में नीतियां नहीं बनती हैं। लेकिन हां, सोशल मीडिया की बकवास में कानूनों का निर्माण है। और पूरी राजनीति, चुनाव व घोषणापत्र सब में सिर्फ वायदे याकि रेवड़ियां हैं। महाराष्ट्र, झारखंड में चुनाव घोषणा हुई तो ठीक पहले मुंबई के टोल नाके फ्री हुए। श्माझी लड़की बहिन योजनाच्च शुरू हुई। फटाफट एक करोड़ 90 लाख महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए नकद ट्रांसफर शुरू हुए।

उधर झारखंड में जेएमएम सरकार ने श्मइया सम्मान योजनाच्च में हर महिला को हजार रुपए ट्रांसफर करना शुरू किया तो भाजपा ने श्गोगो दीदी योजनाच्च में हर महिला को हर महीने 21 सौ रुपए देने का वादा किया। तुरंत झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक हुई और राशि ढाई हजार रुपए करने का ऐलान। कहीं श्गृह लक्ष्मी योजनाच्च है तो कहीं श्लाड़ली बहना योजनाच्च या श्महतारी वंदन योजनाच्च। चार महीने बाद दिल्ली में चुनाव है तो आप सरकार भी महिलाओं को हजार रुपए महीना देना शुरू करने वाली है। केजरीवाल ने कहा है कि वे छह मुफ्त की रेवड़ी दे रहे हैं और सातवीं भी देंगे।

जाहिर है सरकारें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष टैक्स से लोगों की जेब काट रही है और बदले में चवन्नी–अठन्नी दे रही है। गरीबी, बेरोजगारी, चिकित्सा, शिक्षा और सचमुच लोगों की बेहतरी की समग्रता में एक भी जनहितकारी कायदे की नीति नहीं बन रही है। यदि शासन को रेवड़ियों से ही प्रजा के भले होने का ठोस विश्वास है तो सब रेवड़ियों को मिला कर क्यों नहीं सभी नागरिकों के लिए एक ठोस सोशल सुरक्षा योजना की नीति बना लेनी चाहिए? हर महीने, हर परिवार या जररूतमंद (बेरोजगार, गरीब) को दस हजार के भत्ते की नीति क्यों नहीं बना देते? छोटी–छोटी रेविड़ियों की राजनीति का फ्रॉड तो खत्म हो। क्यों टोल टैक्स महानगरीय सीमा या पुराने हाईवे पर लगातार लगे रहें? क्यों ब्रिटेन की तरह चिकित्सा फ्री नहीं होती? हाल में मेडिकल में यह खबर थी कि अस्पताल अब अस्पताल में बिस्तर को बेच रहे हैं। अर्थात जो ज्यादा पैसा देगा, उसको बिस्तर पहले मिलेगा। जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे–जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। क्या सरकारों ने एक भी नीति बीमार की चिकित्सा में लूटमार को रोकने की बनाई है?

# मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा



अजीत द्विवेदी

भारत में चुनाव अब विकासवादी नीतियों या विचारधारा के ऊपर नहीं हो रहे हैं, बल्कि लोकलुभावन घोषणाओं और भाषण की जादूगरी पर हो रहे हैं। सारे विचार अब सिमट कर लोकलुभावन घोषणाओं या लच्छेदार लेकिन निरर्थक भाषणों में समाहित हो गए हैं। बड़े से बड़े नेता का करिश्मा भी इतना ही भर रह गया है कि वह कितनी बड़ी लोकलुभावन घोषणा कर सकता है। अगर लोकलुभावन घोषणाओं की केंद्रीयता से अलग कोई एक और चीज चुनाव को परिभाषित करने वाली है तो वह विभाजनकारी भाषण हैं।

धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर विभाजन भी भारत में होने वाले चुनावों का एक महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। लेकिन स्वतंत्र रूप से उनकी भी कोई हैसियत नहीं है अगर उनके साथ कुछ लच्छेदार बातें और लोकलुभावन घोषणाएं नहीं हैं। हाल में हुए अनेक चुनावों में यह प्रमाणित हुआ कि पार्टियों को चुनाव लड़ते समय किसी किस्म की वैचारिक जटिलता में पड़ने की जरुरत नहीं है। उन्हें मुफ्त में सेवाएं और वस्तुएं बांटने की घोषणा करनी है और कहीं कहीं भड़काऊ व विभाजनकारी बातें करनी हैं। इतने भर से काम चल जाएगा।

सवाल है कि यह अगर इतना ही सरल है और सभी पार्टियां इसी फॉर्मूले पर चुनाव लड़ रही हैं तो भाजपा को ही ज्यादा सफलता क्यों मिल रही है और दूसरी पार्टियां क्यों नहीं ज्यादा फायदा उठा पा रही हैं? यह सही है कि ज्यादा सफलता भाजपा को मिल रही है लेकिन यह बात लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जितनी सही है राज्यों के चुनावों के मामले में उतनी नहीं हैं। राज्यों में दूसरे नेता भी लोकलुभावन घोषणाओं और अपनी क्षेत्रीय या भाषायी अस्मिता पर आधारित विभाजनकारी मुद्दा उठा कर चुनाव जीत जाते हैं।

तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश से लेकर दिल्ली, पंजाब तक में इसे देखा जा सकता है। असल में लोकलुभावन घोषणाएं और विभाजनकारी नीतियां एकसमान रूप से अपनाने के बावजूद उस नेता के जीतने के बेहतर अवसर होते हैं, जिसकी भाषण शैली बेहतर होती है और जो जनता के साथ बेहतर संवाद करने वाला होता है। नरेंद्र मोदी हों या अरविंद केजरीवाल इनको संवाद की अपनी क्षमता और भाषा का लाभ मिलता है।

राजनीति में भाषा के संबंधा और महत्व को महान लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने अपने लेखन में विस्तार से समझाया है। उन्होंने दो लंबे निबंध लिखे थे, श्पॉलिटिक्स एंड द इंगलिश लैंग्वेजच्च और श्व्हाई आई राइटच्च। इसके अलावा जिन लोगों ने उनकी महान रचना श्नाइंटीन एटी फोरच्च पढ़ी है उनको इसका और बेहतर अंदाजा होगा। इस उपन्यास के अंत में एक एपेंडिक्स है, श्द प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च, जिसमें उपन्यास के काल्पनिक एकाधिकारीवादी देश श्ओसेनियाच्च की भाषा के बारे में बताया गया है। श्ओसेनियाच्च में शासन की भाषा का अपना शब्दकोष है। उसके श्बी शब्दकोषच्च में श्कोई भी शब्द ऐसा नहीं है, जो वैचारिक रूप से निरपेक्ष होच्च।

इसका मतलब है कि सारे शब्द मूल अर्थ से अलग अर्थ ध्वनित करने वाले हैं। जैसे जहां मजदूरों से बेगारी कराई जाए या जबरदस्ती काम कराया जाए उसको श्जॉयकैम्पच्च कहा जाता है और युद्ध के मंत्रालय को श्मिनीपैक्सच्च यानी मिनिस्ट्री ऑफ पीस (शांति का मंत्रालय कहा जाता है) यानी सारे शब्द देखने और सुनने में जैसे लगते हैं उनका अर्थ उसके बिल्कुल उलट होता है।

भारत में लोकलुभावन या विभाजनकारी भाषणों से जिन नेताओं का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बेहतर है उनके भाषणों या शासन की भाषा में श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च की झलक बहुत साफ दिखाई देगी। मिसाल के तौर पर भारत सरकार किसानों को पांच सौ रुपया महीना देती है तो उसको श्सम्मान निधिच्च कहा जाता है। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपए महीने देने का फैसला किया तो इसका नाम श्महिला सम्मान योजनाच्च रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार महिलाओं को 11 सौ रुपया महीना दे रही है तो उसे श्मइया सम्मान योजनाच्च कह रही है। सोचें, किसानों को 17 रुपया रोज और महिलाओं को 33 रुपया रोज देने की योजना उनके सम्मान की योजना कैसे हो सकती है? लेकिन यही श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च है कि आप भीख या दान दें और उसको सम्मान बताएं! भारत के समकालीन श्रेष्ठ कवियों में से एक राजेश जोशी ने एक कविता में लिखा है, श्कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैंच्च।

सो, नेताओं की बातों के अर्थ नहीं, उनके अभिप्राय देखने की जरुरत होती है परंतु दुर्भाग्य से आम मतदाता इसे देख नहीं पाता है। उसे लगता है कि नेता उसके भले की बात कर रहे हैं, उसका जीवन आसान करने के लिए कुछ चीजें और कुछ सेवाएं मुफ्त में दे रहे हैं और उसके सम्मान, उसकी अस्मिता आदि की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन असल मे ऐसा नहीं होता है। असल में अस्मिता के आधार पर विभाजन और तमाम लोकलुभावन घोषणाएं, आम मतदाता को ठगने की योजना ही होती हैं। यह नेता के ऊपर निर्भर होता है कि वह कैसे भाषा की जादूगरी से इसे लोगों तक पहुंचाता है और उनको अपने पक्ष में ले आता है। कुछ नेता इसमें दूसरों के मुकाबले ज्यादा माहिर होते हैं इसलिए उनको ज्यादा सफलता मिलती है।

अगर अभी चल रहे चुनावों की ही बात करें तो सभी पार्टियां समान रूप से लोकलुभावन घोषणाएं कर रही हैं और सब एक समान रूप से बांटने या जोड़ने की बात कर रहे हैं। अगर आप श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च के बारे में जानते हैं तो आपको तुरंत समझ में आ जाएगा कि जो जोड़ने की बात कर रहा है वह भी असल में तोड़ने की ही बात कर रहा है। वह इसके लिए अलग शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है। श्बटेंगे तो कटेंगेच्च और श्जुड़ेंगे तो जीतेंगेच्च कहने वालों की मूल भावना में ज्यादा फर्क नहीं है। दोनों नारों को अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में देखने की जरुरत है।

बहरहाल, महाराष्ट्र और झारखंड दोनों जगह घोषणाओं और गारंटियों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। महिलाओं और युवाओं को नकदी बांटने की घोषणाएं की जा रही हैं। महिलाओं को सस्ता या मुफ्त गैस सिलिंडर देने के वादे हो रहे हैं। छोटे उद्यमियों को सस्ता या बिना ब्याज का कर्ज देने के वादे हो रहे हैं। रोजगार और नौकरियों की बहार लाने का ऐलान हो रहा है। फ्री बिजली और पानी की योजना को श्मुफ्त की रेवड़ीच्च बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी ने इस मामले में बढ़त बनाई हुई है। परंतु भाषा की जादूगरी देखिए कि प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के हर उस काम का बचाव कर ले रहे हैं, जिसके लिए वे विरोधी पार्टियों की आलोचना करते हैं।

झारखंड में श्इंडियाच्च ब्लॉक ने अलग अलग राजनीतिक परिवारों के 20 लोगों को टिकट दिया है तो भाजपा ने भी 18 लोगों को टिकट दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने जबरदस्त जोश में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के परिवारवाद पर हमला किया। भाजपा का मानना है कि विपक्षी पार्टियां परिवार के लोगों को टिकट देती हैं तो वह परिवारवाद है और भाजपा टिकट देती है तो वह परिवार सम्मान योजना है।

इसी तरह विपक्षी पार्टियां वस्तुएं व सेवाएं मुफ्त में देती हैं तो वह मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा है और जब भाजपा देती है तो वह किसान या महिला या युवा सम्मान की योजना है।

# मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा

अजीत द्विवेदी

भारत में चुनाव अब विकासवादी नीतियों या विचारधारा के ऊपर नहीं हो रहे हैं, बल्कि लोकलुभावन घोषणाओं और भाषण की जादूगरी पर हो रहे हैं। सारे विचार अब सिमट कर लोकलुभावन घोषणाओं या लच्छेदार लेकिन निरर्थक भाषणों में समाहित हो गए हैं। बड़े से बड़े नेता का करिश्मा भी इतना ही भर रह गया है कि वह कितनी बड़ी लोकलुभावन घोषणा कर सकता है। अगर लोकलुभावन घोषणाओं की केंद्रीयता से अलग कोई एक और चीज चुनाव को परिभाषित करने वाली है तो वह विभाजनकारी भाषण हैं।

धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर विभाजन भी भारत में होने वाले चुनावों का एक महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। लेकिन स्वतंत्र रूप से उनकी भी कोई हैसियत नहीं है अगर उनके साथ कुछ लच्छेदार बातें और लोकलुभावन घोषणाएं नहीं हैं। हाल में हुए अनेक चुनावों में यह प्रमाणित हुआ कि पार्टियों को चुनाव लड़ते समय किसी किस्म की वैचारिक जटिलता में पड़ने की जरुरत नहीं है। उन्हें मुफ्त में सेवाएं और वस्तुएं बांटने की घोषणा करनी है और कहीं कहीं भड़काऊ व विभाजनकारी बातें करनी हैं। इतने भर से काम चल जाएगा।

सवाल है कि यह अगर इतना ही सरल है और सभी पार्टियां इसी फॉर्मूले पर चुनाव लड़ रही हैं तो भाजपा को ही ज्यादा सफलता क्यों मिल रही है और दूसरी पार्टियां क्यों नहीं ज्यादा फायदा उठा पा रही हैं? यह सही है कि ज्यादा सफलता भाजपा को मिल रही है लेकिन यह बात लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जितनी सही है राज्यों के चुनावों के मामले में उतनी नहीं हैं। राज्यों में दूसरे नेता भी लोकलुभावन घोषणाओं और अपनी क्षेत्रीय या भाषायी अस्मिता पर आधारित विभाजनकारी मुद्दा उठा कर चुनाव जीत जाते हैं।

तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश से लेकर दिल्ली, पंजाब तक में इसे देखा जा सकता है। असल में लोकलुभावन घोषणाएं और विभाजनकारी नीतियां एकसमान रूप से अपनाने के बावजूद उस नेता के जीतने के बेहतर अवसर होते हैं, जिसकी भाषण शैली बेहतर होती है और जो जनता के साथ बेहतर संवाद करने वाला होता है। नरेंद्र मोदी हों या अरविंद केजरीवाल इनको संवाद की अपनी क्षमता और भाषा का लाभ मिलता है।

राजनीति में भाषा के संबंधा और महत्व को महान लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने अपने लेखन में विस्तार से समझाया है। उन्होंने दो लंबे निबंध लिखे थे, श्पॉलिटिक्स एंड द इंगलिश लैंग्वेजच्च और श्व्हाई आई राइटच्च। इसके अलावा जिन लोगों ने उनकी महान रचना श्नाइंटीन एटी फोरच्च पढ़ी है उनको इसका और बेहतर अंदाजा होगा। इस उपन्यास के अंत में एक एपेंडिक्स है, श्द प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च, जिसमें उपन्यास के काल्पनिक एकाधिकारीवादी देश श्ओसेनियाच्च की भाषा के बारे में बताया गया है। श्ओसेनियाच्च में शासन की भाषा का अपना शब्दकोष है। उसके श्बी शब्दकोषच्च में श्कोई भी शब्द ऐसा नहीं है, जो वैचारिक रूप से निरपेक्ष होच्च।

इसका मतलब है कि सारे शब्द मूल अर्थ से अलग अर्थ ध्वनित करने वाले हैं। जैसे जहां मजदूरों से बेगारी कराई जाए या जबरदस्ती काम कराया जाए उसको श्जॉयकैम्पच्च कहा जाता है और युद्ध के मंत्रालय को श्मिनीपैक्सच्च यानी मिनिस्ट्री ऑफ पीस (शांति का मंत्रालय कहा जाता है) यानी सारे शब्द देखने और सुनने में जैसे लगते हैं उनका अर्थ उसके बिल्कुल उलट होता है।भारत में लोकलुभावन या विभाजनकारी भाषणों से जिन नेताओं का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बेहतर है उनके भाषणों या शासन की भाषा में श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च की झलक बहुत साफ दिखाई देगी। मिसाल के तौर पर भारत सरकार किसानों को पांच सौ रुपया महीना देती है तो उसको श्सम्मान निधिच्च कहा जाता है। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपए महीने देने का फैसला किया तो इसका नाम श्महिला सम्मान योजनाच्च रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार महिलाओं को 11 सौ रुपया महीना दे रही है तो उसे श्मइया सम्मान योजनाच्च कह रही है। सोचें, किसानों को 17 रुपया रोज और महिलाओं को 33 रुपया रोज देने की योजना उनके सम्मान की योजना कैसे हो सकती है? लेकिन यही श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च है कि आप भीख या दान दें और उसको सम्मान बताएं! भारत के समकालीन श्रेष्ठ कवियों में से एक राजेश जोशी ने एक कविता में लिखा है, श्कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैंच्च।

सो, नेताओं की बातों के अर्थ नहीं, उनके अभिप्राय देखने की जरुरत होती है परंतु दुर्भाग्य से आम मतदाता इसे देख नहीं पाता है। उसे लगता है कि नेता उसके भले की बात कर रहे हैं, उसका जीवन आसान करने के लिए कुछ चीजें और कुछ सेवाएं मुफ्त में दे रहे हैं और उसके सम्मान, उसकी अस्मिता आदि की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन असल मे ऐसा नहीं होता है। असल में अस्मिता के आधार पर विभाजन और तमाम लोकलुभावन घोषणाएं, आम मतदाता को ठगने की योजना ही होती हैं। यह नेता के ऊपर निर्भर होता है कि वह कैसे भाषा की जादूगरी से इसे लोगों तक पहुंचाता है और उनको अपने पक्ष में ले आता है। कुछ नेता इसमें दूसरों के मुकाबले ज्यादा माहिर होते हैं इसलिए उनको ज्यादा सफलता मिलती है।

अगर अभी चल रहे चुनावों की ही बात करें तो सभी पार्टियां समान रूप से लोकलुभावन घोषणाएं कर रही हैं और सब एक समान रूप से बांटने या जोड़ने की बात कर रहे हैं। अगर आप श्प्रिंसिपल्स ऑफ न्यूस्पीकच्च के बारे में जानते हैं तो आपको तुरंत समझ में आ जाएगा कि जो जोड़ने की बात कर रहा है वह भी असल में तोड़ने की ही बात कर रहा है। वह इसके लिए अलग शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है। श्बटेंगे तो कटेंगेच्च और श्जुड़ेंगे तो जीतेंगेच्च कहने वालों की मूल भावना में ज्यादा फर्क नहीं है। दोनों नारों को अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में देखने की जरुरत है।

बहरहाल, महाराष्ट्र और झारखंड दोनों जगह घोषणाओं और गारंटियों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। महिलाओं और युवाओं को नकदी बांटने की घोषणाएं की जा रही हैं। महिलाओं को सस्ता या मुफ्त गैस सिलिंडर देने के वादे हो रहे हैं। छोटे उद्यमियों को सस्ता या बिना ब्याज का कर्ज देने के वादे हो रहे हैं। रोजगार और नौकरियों की बहार लाने का ऐलान हो रहा है। फ्री बिजली और पानी की योजना को श्मुफ्त की रेवड़ीच्च बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी ने इस मामले में बढ़त बनाई हुई है। परंतु भाषा की जादूगरी देखिए कि प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के हर उस काम का बचाव कर ले रहे हैं, जिसके लिए वे विरोधी पार्टियों की आलोचना करते हैं।झारखंड में श्इंडियाच्च ब्लॉक ने अलग अलग राजनीतिक परिवारों के 20 लोगों को टिकट दिया है तो भाजपा ने भी 18 लोगों को टिकट दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने जबरदस्त जोश में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के परिवारवाद पर हमला किया। भाजपा का मानना है कि विपक्षी पार्टियां परिवार के लोगों को टिकट देती हैं तो वह परिवारवाद है और भाजपा टिकट देती है तो वह परिवार सम्मान योजना है। इसी तरह विपक्षी पार्टियां वस्तुएं व सेवाएं मुफ्त में देती हैं तो वह मुफ्त की रेवड़ी है या झूठा वादा है और जब भाजपा देती है तो वह किसान या महिला या युवा सम्मान की योजना है।

## आज का राशिफल

मेष राशि'

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है।

वृष राशि–

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी के साथ बेवजह की बहसबाजी में ना पड़ें। इससे आपके कामों में भी देरी होगी।

मिथुन राशि–

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए कारगर साबित होगा।

कर्क राशि–

आज अकारण शुरू हुई समस्याएं समाप्त हो जायेंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है,

सिंह राशि–

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी।

कन्या राशि–

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके कार्य समय रहते पूरे होंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे।

तुला राशि–

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं।

वृश्चिक राशि–

आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अन–बन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने–पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

धनु राशि–

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे। आज अपनी पुरानी गलतियों को भूलकर आगे बढ़ेगे, जल्दी ही आप अपनी सफलता का मार्ग खोज लेंगे।

मकर राशि–

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

कुम्भ राशि–

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। जल्दबाजी में आकर किसी भी निर्णय को लेने से बचें, पहले सोच विचार कर लेना अच्छा रहेगा।

मीन राशि–

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा माहौल बन जायेगा।

# मोदी सरकार की एंट्री, ट्रूडो गवर्नमेंट को दे दिया अहम मैसेज



विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से रोका नहीं जाएगा। कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने हिंदू मंदिर पर हमला किया और वहां पर लोगों के साथ मारपीट की है। वहीं हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ करने की भी कोशिश की गई है। अब इस मामले को लेकर मोदी सरकार की तरफ से बयान सामने आ गया है। ब्रैम्पटन, कनाडा में हिंसा के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हम कल ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से रोका नहीं जाएगा। दूसरी तरफ ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी एक कड़ा बयान जारी कर हिंदू सभा मंदिर पर भारत विरोधी त्वों द्वारा हाल में किए गए हमले की निंदा की। इस घटना के कारण हिंदू सभा मंदिर और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न हो गई। उच्चायोग ने कहा कि हमने टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित किए गए वाणिज्य दूतावास के एक शिविर के बाहर आज (तीन नवंबर को) हिंसक व्यवधान देखा जिसे भारत विरोधी तत्वों ने अंजाम दिया था। गौरतलब है कि कनाडा में हिंदू मंदिरों और हिंदुओं पर हमला देखने को मिल रहा है। एक तरफ खालिस्तानी उन्हें मारते हैं तो दूसरी तरफ कनाडा की पुलिस भी कुछ ऐसा ही करती नजर आती है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि कनाडा से आई तस्वीरों में साफ तौर पर नजर आया कि कनाडा की पुलिस भारतीय समुदाय के साथ धक्का मुक्की उन्हें मारते हुए नजर आ रही है। उसके बाद वहां मौजूद लोगों ने जब पुलिस पर उंगली उठाई तो तमाम पुलिसवाले भारतीयों के खिलाफ हो गए। लेकिन उन्होंने एक बार भी खालिस्तानियों के खिलाफ कुछ नहीं बोला।

# काश्मीर में सेना का ऐसा एक्शन, इजरायल में मना जश्न!

आतंकियों के इन दोनों ही कमांडर्स ने भारत और इजरायल की सेना पर भी कई हमले किए थे। मगर आप इसे कर्मों का फल ही कह सकते हैं। दोनों एक ही दिन मारे गए हैं। दोनों को एक ही जैसी मौत मिली है। भारत और इजरायल दोनों ने ही अपनी अपनी सफलता का जबरदस्त तरीके से ऐलान कर दिया है। भारत और इजरायल की सेना को एक ही दिन में एक ही समय पर ऐसी सफलता मिली, जिसे देखकर आपको यकीन नहीं होगा। भारत और इजरायल की सेना अलग अलग मिशन पर निकली थी। लेकिन दोनों ही सेनाओं को एक धमाकेदार खबर मिली। भारत और इजरायल ने एक ही दिन में आतंकी कमांडर को दबोच लिए जिनकी तलाश सालों से हो रही थी। भारतीय सेना ने कश्मीर में लश्कर–ए–तैयबा का एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर उस्मान दबोच लिया। वहीं इजरायल डिफेंस फोर्स के हाथों हिजबुल्ला का एक शीर्ष कमांडर जाफर खादर फौर लग गया। लश्कर के उस्मान ने भारत और हिजबुल्ला के जाफर ने इजरायल में कई मासूम लोगों को मारा था।



आतंकियों के इन दोनों ही कमांडर्स ने भारत और इजरायल की सेना पर भी कई हमले किए थे। मगर आप इसे कर्मों का फल ही कह सकते हैं। दोनों एक ही दिन मारे गए हैं। दोनों को एक ही जैसी मौत मिली है। भारत और इजरायल दोनों ने ही अपनी अपनी सफलता का जबरदस्त तरीके से ऐलान कर दिया है। आपको पहले बताते हैं कि कश्मीर में क्या हुआ। दरअसल, सेना को सूचना मिली की खानयार के इलाके में कोई बड़ा आतंकी इस घर में छिपा बैठा है। घनी आबादी वाले खानयार इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और तलाश अभियान मुठभेड़ में बदल गया। अभियान के दौरान जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे वहां आग लग गई और आसमान में घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में उस्मान मारा गया। उस्मान कई वर्षों से घाटी में सक्रिय था और निरीक्षक मसरूर वानी की हत्या में भी शामिल था। अक्टूबर, 2023 में ईदगाह मैदान में क्रिकेट खेलते समय वानी की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दूसरी तरफ इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट एरे के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया। फाउर पूर्वी लेबनान से किए गए आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था। जहां से 8 अक्टूबर को इजरायली क्षेत्र की ओर पहला रॉकेट लॉन्च किया गया था।

# मैं एक ऐसा राष्ट्र देखती हूं जो नफरत, भेदभाव को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है –हैरिस



कमला हैरिस ने कहा कि पूरे देश में अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि लोग नफरत तथा भेदभाव को खत्म करने के लिए और आगे बढ़ने का नया रास्ता तैयार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपने प्रचार अभियान में हैरिस ने कहा कि मैं देखती हूं कि हमारे यहां युवा पीढ़ी, युवा नेताओं की संख्या अच्छी खासी है।वाशिंगटन । अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूरे देश में अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि लोग नफरत तथा भेदभाव को खत्म करने के लिए और आगे बढ़ने का नया रास्ता तैयार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हैरिस ने मिशिगन के डेट्रॉयट स्थित एक चर्च में अपने भाषण में कहा, ''जब मैं अपने खूबसूरत देश में एक राज्य से दूसरे राज्य और एक चर्च से दूसरे चर्च की यात्रा करती हूं तो मेरे मन को काफी सुकून मिलता है। मैं एक ऐसा राष्ट्र देखती हूं जो नफरत और भेदभाव को खत्म करने और देश को आगे बढ़ाने के लिए नया मार्ग तैयार के वास्ते दृढ़ संकल्पित है।''हैरिस ने कहा कि अपने प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने देखा कि तथाकथित 'रेड स्टेट' (जहां मुख्य मतदाता एक तरफा रिपब्लिकन पार्टी को वोट देते हैं) और तथाकथित 'ब्लू स्टेट' (जहां मुख्य मतदाता एक तरफा डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट देते हैं) के लोग इतिहास को बदलने के लिए तैयार हैं। अपने प्रचार अभियान के अंतिम चरण में हैरिस ने कहा, ''मैं देखती हूं कि हमारे यहां युवा पीढ़ी, युवा नेताओं की संख्या अच्छी खासी है। यह देखकर आपको प्रेरणा मिलेगी कि वे किस तरह बदलाव के लिए एकजुट हो रहे हैं। मुझे इस पीढ़ी के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि वे हमेशा उत्सुक रहते हैं। जब मैं अपने देश की यात्रा करती हूं, तो मैं देखती हूं कि जो पड़ोसी कभी एक दूसरे के लिए अजनबी थे वे अब एक दूसरे की मदद कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग भेदभाव को बढ़ाना चाहते हैं, नफरत फैलाना चाहते हैं,

भय फैलाना चाहते हैं और अराजकता पैदा करना चाहते हैं लेकिन ''हमारे देश में यह चीज (लोगों की एकजुटता) दलीय राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

# खतरनाक वायु गुणवत्ता के कारण लाहौर में प्राथमिक स्कूल एक सप्ताह के लिए बंद

लाहौर में वायु गुणवत्ता की खतरनाक स्थिति के कारण अधिकारियों ने प्राथमिक स्कूलों को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया। यह कदम 1.4 करोड़ की आबादी वाले शहर में बच्चों को श्वसन संबंधी और अन्य बीमारियों से बचाने के बड़े प्रयास के तहत उठाया गया है। लाहौर में पिछले महीने से ही वायु गुणवत्ता खराब होने लगी थी। लाहौर । पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर में वायु गुणवत्ता की खतरनाक स्थिति के कारण अधिकारियों ने प्राथमिक स्कूलों को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया। यह कदम 1.4 करोड़ की आबादी वाले शहर में बच्चों को श्वसन संबंधी और अन्य बीमारियों से बचाने के बड़े प्रयास के तहत उठाया गया है। भारत की सीमा से लगते पूर्वी पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में पिछले महीने से ही वायु गुणवत्ता खराब होने लगी थी और विषैले धुएं से मुख्य रूप से बच्चों तथा बुजुर्गों समेत हजारों लोग बीमार होने लगे थे।सरकार ने कुछ इलाकों में निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी है और धुआं छोड़ने वाले वाहनों के मालिकों पर जुर्माना लगाया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, प्रदूषण के कारण स्कूल एक सप्ताह तक बंद रहेंगे। पंजाब पर्यावरण संरक्षण विभाग ने बताया कि हवा में प्रदूषक तत्व पीएम 2.5 की सांद्रता 450 के करीब पहुंच गई है, जिसे खतरनाक माना जाता है।



लाहौर को कभी बागों के शहर के रूप में जाना जाता था, जो 16वीं से 19वीं शताब्दी तक लगभग हर जगह देखने को मिलते थे। लेकिन तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या वृद्धि की वजह से हरियाली के लिए बहुत कम जगह रह गई है।

# खालिस्तानियों ने लांघी सीमा, हिंदुओं पर हमले के बाद भड़के सांसद ने कहा– रेड लाइन हो गई क्रास



कनाडा में जो रवैया सरकार का है वहीं रवैया पुलिस का भी है। खालिस्तानी इसका फायदा उठाकर हिंदू धर्म स्थलों को निशाना बना रहे हैं। कनाडा के ब्रैम्पटन में एक मंदिर पर कथित खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा लाठी डंडों से हमला किया गया। प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े नजर आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो में लोग हाथापाई और एक–दूसरे पर डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं और यह घटना हिंदू सभा मंदिर के आसपास के मैदान में होती प्रतीत हो रही है। कनाडा में हिंदुओं पर हुए हमले की अब पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। कनाडा में हिंदू मंदिरों और हिंदुओं पर हमला देखने को मिल रहा है। एक तरफ खालिस्तानी उन्हें मारते हैं तो दूसरी तरफ कनाडा की पुलिस भी कुछ ऐसा ही करती नजर आती है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि कनाडा से आई तस्वीरों में साफ तौर पर नजर आया कि कनाडा की पुलिस भारतीय समुदाय के साथ धक्का मुक्की उन्हें मारते हुए नजर आ रही है। उसके बाद वहां मौजूद लोगों ने जब पुलिस पर उंगली उठाई तो तमाम पुलिसवाले भारतीयों के खिलाफ हो गए। लेकिन उन्होंने एक बार भी खालिस्तानियों के खिलाफ कुछ नहीं बोला। कनाडा में जो रवैया सरकार का है वहीं रवैया पुलिस का भी है। खालिस्तानी इसका फायदा उठाकर हिंदू धर्म स्थलों को निशाना बना रहे हैं। कनाडा के ब्रैम्पटन में एक मंदिर पर कथित खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा लाठी डंडों से हमला किया गया। प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े नजर आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो में लोग हाथापाई और एक–दूसरे पर डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं और यह घटना हिंदू सभा मंदिर के आसपास के मैदान में होती प्रतीत हो रही है। कनाडा में हिंदुओं पर हुए हमले की अब पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने इस हमले को लेकर कहा कि खालिस्तानियों ने अब रेड लाइन पार कर दी है। चंद्र आर्य ने कहा कि ब्रैम्पटन में एक मंदिर में हिंदू कनाडाई भक्तों पर हमला किया। ये हमला कोई रोड पर नहीं था बल्कि परिसर के भीतर घुसकर लाठी डंडों से मारा गया। चंद्र आर्य ने कहा कि ये बताता है कि कनाडा में खालिस्तानी हिंसक चरमपंथ कितना गहरा और बेशर्म हो गया है। मुझे लगने लगा है कि इन रिपोर्टों में सच्चाई है कि कनाडा के राजनीतिक तंत्र के अलावा खालिस्तानियों ने हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों में भी घुसपैठ कर दी है। मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि हिंदू कनाडाई लोगों को अपने समुदाय की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रैम्पटन में एक मंदिर पर कथित खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा किए गए हमले की निंदा करते हुए कहा कि प्रत्येक कनाडाई को अपनी आस्था का स्वतंत्र तरीके से और सुरक्षित माहौल में पालन करने का अधिकार है।

# लास्ट मोमेंट कैंपेन में कमला हैरिस ने लगा दिया एड़ी से लेकर चोटी तक का जोर, अमेरिकी चुनाव इस बार जाएगा किस ओर ?




कमला हैरिस ने कहा कि मैं देखती हूं कि हमारे यहां युवा पीढ़ी, युवा नेताओं की संख्या अच्छी खासी है। यह देखकर आपको प्रेरणा मिलेगी कि वे किस तरह बदलाव के लिए एकजुट हो रहे हैं। मुझे इस पीढ़ी के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि वे हमेशा उत्सुक रहते हैं। जब मैं अपने देश की यात्रा करती हूं, तो मैं देखती हूं कि जो पड़ोसी कभी एक दूसरे के लिए अजनबी थे वे अब एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। हैरिस को मतदाताओं से कहा कि आइए याद रखें कि आपका वोट आपकी आवाज है और आपकी आवाज आपकी ताकत है। हैरिस के इतना कहते ही समारोह तालियों से गूंज उठा।अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 5 नवंबर को अमेरिकी जनता अपना अगला राष्ट्रपति चुनने के लिए वोट डालेगी। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाली कमला हैरिस के बीच ये मुकाबला है। अपनी–अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनों उम्मीदवार एड़ी से लेकर चोटी तक का जोर लगा रहे हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस मिशिगन के डेट्रॉयट स्थित एक चर्च में अपने भाषण में कहा कि जब मैं अपने खूबसूरत देश में एक राज्य से दूसरे राज्य और एक चर्च से दूसरे चर्च की यात्रा करती हूं तो मेरे मन को काफी सुकून मिलता है। इस दौरान ब्रेंडन गुटेनश्वेगर द्वारा फिल्माए गए फुटेज में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में रैली में भीड़ को जयकार करते और ताली बजाते हुए सुना जा सकता है।कमला हैरिस ने कहा कि मैं देखती हूं कि हमारे यहां युवा पीढ़ी, युवा नेताओं की संख्या अच्छी खासी है। यह देखकर आपको प्रेरणा मिलेगी कि वे किस तरह बदलाव के लिए एकजुट हो रहे हैं। मुझे इस पीढ़ी के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि वे हमेशा उत्सुक रहते हैं। जब मैं अपने देश की यात्रा करती हूं, तो मैं देखती हूं कि जो पड़ोसी कभी एक दूसरे के लिए अजनबी थे वे अब एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। हैरिस को मतदाताओं से कहा कि आइए याद रखें कि आपका वोट आपकी आवाज है और आपकी आवाज आपकी ताकत है। हैरिस के इतना कहते ही समारोह तालियों से गूंज उठा। अमेरिका में वोटिंग के लिए एक ही दिन का समय बचा है। कमला हैरिस ने चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में जीत के लिए एड़ी से लेकर चोटी तक का जोर लगा दिया है। पॉप सुपरस्टार बियॉन्से ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में ह्यूस्टन में आयोजित रैली में शिरकत की थी।

इसके अलावा कई बड़े फिल्म स्टार्स और पॉप स्टार कमला हैरिस के समर्थन में खड़े हो गए हैं। कमला हैरिस की हर रैली में एक नया स्टार दिखई दे रहा है। ओबामा दंपति से लेकर हॉलिवुड स्टार्स उनकी रैलियों में पहुंच रहे हैं। कमला हैरिस हर रैली में वोटर्स को बता रही हैं कि उनके जीतने पर क्या बदलेगा और ट्रंप के जीतने पर क्या होगा?

# इस देश में गुस्साए लोगों ने अपने राजा का किया गालियों से स्वागत, फेंके अंडे और कीचड़, वजह जानकर चौंक जाएंगे आप

आपको बता दें कि स्पेन अब तक की सबसे भयावह बाढ़ से जूझ रहा है। स्पेन में बाढ़ ने ऐसी तबाही मचाई है कि लोगों में गुस्सा पनप रहा है। 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इससे एक बड़ा इलाका प्रभावित हुआ है। कहा जा रहा है कि 1967 की बाढ़ के बाद ये यूरोप में आया बेहद ही खतरनाक बाढ़ है जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। इसके लिए स्पेन की सरकार लगातार काम कर रही है। स्पेन के राजा फिलिप टप् का विरोध उनकी ही जनता ने किया। स्पेन के राजा जब बाढ़ प्रभावितों से मिलने के लिए जब पेपोर्टा पहुंचे तो वहां पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्पेन के राजा पर मर्डरर–मर्डरर और गेट आउट–गेट आउट के साथ ही उन पर कई सारे समाना फेंके गए। अंडे, कीचड़ फेंकने के साथ ही उन्हें भद्दी–भद्दी गालियां भी दी गई। जब राजा ने लोगों से बात करने की कोशिश की तो लोग उन पर चिल्लाने लगे। पुलिस को उन्हें रोकने के लिए सामने आना पड़ा। कीचड़ से राजा को बचाने के लिए छाते खोले गए। स्पेन से आई इन तस्वीरों के बाद अब मिली–जुली प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर देखने को मिल रही है। पेपोर्टा के आम लोगों ने राजा का खूब विरोध किया। उन्हें बचाने के लिए उनके सिक्योरिटी गार्ड्स ने छातों का सहारा लिया। लेकिन उससे काम नहीं बना। इससे पहले कि किंग फिलिप और क्वीन लेतिजिया को यहां पर लोगों से हाथ मिलाते हुए देखा गया था। आपको बता दें कि स्पेन अब तक की सबसे भयावह बाढ़ से जूझ रहा है। स्पेन में बाढ़ ने ऐसी तबाही मचाई है कि लोगों में गुस्सा पनप रहा है। 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इससे एक बड़ा इलाका प्रभावित हुआ है। कहा जा रहा है कि 1967 की बाढ़ के बाद ये यूरोप में आया बेहद ही खतरनाक बाढ़ है जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। इसके लिए स्पेन की सरकार लगातार काम कर रही है। पर लोगों के बीच जब स्पेन के राजा पहुंचे तो उनका गुस्सा उन पर फूट पड़ा। तस्वीरों में वो वहां से जाते हुए नजर आए। उनको उनके सिक्योरिटी गार्ड्स बचाने की कोशिश करते हैं लेकिन उन पर लगातार हमले होते हैं। उनके साथ मौजूद लोगों के साथ धक्का मुक्की होती है। यहां तक की एक व्यक्ति छड़ी से उन्हें मारने की कोशिश तक करता है। स्पेन के पूर्वी हिस्से में अचानक आई भीषण बाढ़ के तीन दिन बाद बचावकर्मी फंसी कारों और इमारतों में शवों की तलाश कर रहे थे। कई लोग अब भी लापता हैं। बाढ़ इतनी विनाशकारी थी कि यह रास्ते में आने वाली हर चीज को बहा ले गई।

## सीरिया में जमीनी हमला करके ईरान से जुड़े सीरियाई नागरिक को पकड़ा–इजराइल

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को लेबनान की सीमा का दौरा किया और कहा कि उनका ध्यान हिजबुल्ला को ईरान की तरफ से भेजे जा रहे हथियार हासिल करने से रोकने पर है। इजराइल की सेना ने रविवार को बताया कि उसने सीरिया में जमीनी हमला करके ईरान से जुड़े सीरियाई नागरिक को पकड़ा है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में ऐसा पहली बार हुआ है जब इजराइल ने सीरिया में अपने सैनिक भेजने की जानकारी दी है, हालांकि अभी सीरिया ने इसकी पुष्टि नहीं की। इजराइल ने लेबनान के चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के सदस्यों और ईरान के अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए बीते एक साल सीरिया में कई बार हवाई हमले किए है। ईरान हिजबुल्ला और सीरिया दोनों का करीबी सहयोगी है। लेकिन इससे पहले उसने सीरिया में अपने किसी भी जमीनी हमले की जानकारी सार्वजनिक नहीं की। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि नौसेना के जवानों ने उत्तरी लेबनान के एक शहर में हमला करके एक व्यक्ति को पकड़ा है। उन्होंने पकड़े गए व्यक्ति को हिजबुल्ला का वरिष्ठ सदस्य बताया। इजराइली सेना रविवार को जारी बयान में यह नहीं बताया कि उसने सीरिया में कब और कहां हमला किया। इजराइल के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अली सुलेमान अल–असी के रूप में हुई है। इजराइली सेना ने बताया कि वह दक्षिणी सीरिया के सेदा में रहता था और कई महीने से वह उस पर नजर रख रही थी। सेना ने बताया कि वह सीरिया की सीमा के पास इजराइल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स के इलाकों को निशाना बनाने की ईरान की योजना में भी शामिल था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को लेबनान की सीमा का दौरा किया

# टीम इंडिया की शर्मनाक हार पर ये क्या कह गए डेविड वार्नर, फैंस के जले पर छिड़का नमक

भारत को घर पर न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप झेलने के बाद 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय बल्लेबाजी को चिंता का विषय बता दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम सवालों के घेरे में है। हर तरफ भारतीय बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना हो रही है। ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। सरफराज खान ने 171 रन जरूर बनाए लेकिन वह पांच पारियों में फ्लॉप रहे। भारत को घर पर न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप झेलने के बाद 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय बल्लेबाजी को चिंता का विषय बता दिया है। वहीं डेविड वॉर्नर ने भारतीय टीम के जख्म पर नमक छिड़कते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर वॉर्निंग दी है। वॉर्नर ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा कि, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। भारतीय खिलाड़ी 3–0 से हारने के बाद यहां आ रहे हैं। वे ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में उतरेंगे, जिसके पास तीन वर्ल्ड क्लास तेज गेंदबाज और एक वर्ल्ड क्लास स्पिन गेंदबाज है। अगर मैं भारत के बल्लेबाजी क्रम में हू तो मैं भी नर्वस होता। हालांकि, वॉर्नर ने न्यूजीलैंड की फील्डिंग की सराहना की और उपमहाद्वीप में उनके प्रदर्शन को शानदार बताया। वॉर्नर ने कहा कि, मैं उनके पहले टेस्ट को देखूं तो उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच पकड़े थे। इससे माहौल तैयार हो गया। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं। सीरीज में 1–0 से आगे रहते हैं तो य बड़ी बात है। मुझे पता है कि भारत में जीतना कितना मुश्किल है। न्यूजीलैंड ने जो कारनामा किया है वो बेहतरीन है।



# आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को चारों खाने किया चित, सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल की




मेजबान ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। कप्तान पैट कमिंस ने दो विकेट भी चटकाए और 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान तीन–तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौर पर है। ऑस्ट्रेलिया ने मेहमान टीम पाकिस्तान को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दो विकेट से हराकर हरा दिया। इसके साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। कप्तान पैट कमिंस ने दो विकेट भी चटकाए और 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान तीन–तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौर पर है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए ये मुकाबला काफी ज्यादा रोमांचक स्थिति में पहुंचा। लो स्कोरिंग मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। एक समय ऑस्ट्रेलिया को 19 रनों की जरुरत थी, जबकि उसके महज दो ही विकेट बचे थे। इसके बाद कप्तान पैट कमिंस ने जिम्मा उठाया और मेजबान टीम को रोमांचक मैच में जीत दिलाई। पाकिस्तान 203 रनों पर सिमट गया जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 33.3 ओवर में 8 विकेट पर 204 रन बनाकर पहला मुकाबला जीत लिया। 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। ऑस्ट्रेलिया ने 28 रनों तक मैथ्यू शॉर्ट और जेक फ्रेजर मैकगर्क के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिश ने मिलकर स्कोर 113 रनों तक पहुंचाया। स्मिथ 44 रन बनाकर जबकि जोश 49 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 185 रनों पर आठ विकेट हो गया। कप्तान पैट कमिंस ने स्टार्क के साथ मिलकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

# पाकिस्तान स्पिन ट्रैक पर भारत को... वसीम अकरम के बयान पर लग जाएगी भारतीय फैंस को मिर्ची



न्यूजीलैंड ने भारत को घर पर टेस्ट सीरीज में 3–0 से रौंदा। इस हार के बाद भारतीय टीम की निंदा पूरी दुनिया में हो रही है। ऐसे में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान कहां पीछे रहने वाला है। पाकिस्तान के कई क्रिकेट एक्सपर्ट भारत की इस हार पर अपनी–अपनी राय दे रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत को पहली बार घरेलू जमीं पर हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने भारत को घर पर टेस्ट सीरीज में 3–0 से रौंदा। इस हार के बाद भारतीय टीम की निंदा पूरी दुनिया में हो रही है। ऐसे में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान कहां पीछे रहने वाला है। पाकिस्तान के कई क्रिकेट एक्सपर्ट भारत की इस हार पर अपनी–अपनी राय दे रहे हैं। ऐसे में पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने जो बयान दिया है उसे भारतीय फैंस के लिए पचा पाना मुश्किल होगा। दरअसल, वसीम अकरम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान टीम स्पिन ट्रैक पर भारत के खिलाफ खेलती है तो वह जीत सकती है। ये बात उन्होंने ऑस्ट्रेलिया वर्सेस पाकिस्तान पहले वनडे के दौरान कमेंट्री करते हुए कही। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस दौरान माइकल वॉन और वसीम अकरम एक साथ कमेंट्री कर रहे थे। उस दौरान वॉन ने भारत की हार पर चर्चा करते हुए कहा कि, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज देखना चाहता हूं। जिसके जवाब में वसीम अकरम बोले कि, ये बहुत बड़ी सीरीज होगी। ये खेल के लिए, क्रिकेट के दीवाने दो देशशों के लिए अच्छा होगा। वॉन ने आगे कहा कि पाकिस्तान भारत को टर्निंग ट्रैक पर हरा सकता है। इसके जवाब में वसीम अकरम ने बोले कि, पाकिस्तान के पास अब स्पिनिंग ट्रैक पर भारत को टेस्ट में हराने का मौका है। न्यूजीलैंड ने उन्हें घरेलू मैदान पर 3–0 से हराया है। बता दें कि, पाकिस्तान ने हाल ही में घर पर इंग्लैंड के खिलाफ 2021 के बाद पहली घरेलू सीरीज जीती है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने बड़े बदलाव करते हुए सीनियर खिलाड़ियों को रेस्ट दिया और कुछ स्पिनर्स को मौका दिया। अगले दो मैच पाकिस्तान अपने स्पिनर्स नोमान अली और साजिद खान के दम पर जीतने में कायमाब रहा। इन दोनों ने दो मैचों में 40 में से 39 विकेट झटके थे।

# चार साल तक साल तक पानी पिलाने के बाद मौके का पूरा फायदा उठाया



न्यूजीलैंड की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3–0 से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विल यंग ने चार साल तक रिजर्व बल्लेबाज के रूप में मैदान पर पानी पहुंचाने के बाद मिले इस मौके को अपनी खुद की पहचान बनाने के अवसर के रूप में देखा जिसमें वह सफल रहे। मुंबई । केन विलियमसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी की जगह भरना आसान नहीं होता लेकिन न्यूजीलैंड की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3–0 से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विल यंग ने चार साल तक रिजर्व बल्लेबाज के रूप में मैदान पर पानी पहुंचाने के बाद मिले इस मौके को अपनी खुद की पहचान बनाने के अवसर के रूप में देखा जिसमें वह सफल रहे। विलियमसन चोटिल होने के कारण तीनों टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए जिससे यंग को अंतिम एकादश में जगह बनाने का मौका मिला जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नाबाद 48 रन बनाकर संकेत दे दिया था कि वह खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।यंग ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत के बाद पत्रकारों से कहा,''चार साल पहले पदार्पण करने के बाद मैं टीम से अंदर बाहर होता रहा। मैं वर्षों तक रिजर्व बल्लेबाज रहा इसलिए मैं मैदान पर पानी पहुंचाने की भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी की भावना को अच्छी तरह से समझता हूं।' ' उन्होंने कहा,''जब मुझे मौका मिला तो मैं अपनी तरह से खेलने को लेकर अधिक उत्साहित था तथा मैंने केन की जगह लेने का प्रयास नहीं किया। मैंने अपना नैसर्गिक खेल खेला। मैंने इसे केन की जगह लेने के बजाय खुद के लिए बड़े मौके के रूप में देखा।''उन्होंने कहा कि भारत दौरे से पहले स्वदेश में अभ्यास सत्रों के दौरान विलियमसन ने खिलाड़ियों को भारतीय उपमहाद्वीप में खेलने को लेकर महत्वपूर्ण सलाह दी जिसका टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से केन चोटिल होने के कारण टीम के साथ यहां नहीं आ पाया। वह बहुत अच्छा इंसान है जिससे आप पूछ सकते हैं कि मैच की इन परिस्थितियों के बारे में वह क्या सोचते हैं। हमने यहां आने से पहले तीन अभ्यास शिविर में भाग लिया था और वह इनमें मौजूद था।'' यंग ने तीन टेस्ट मैच में 244 रन बनाए। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में 71 और 51 रन की दो शानदार पारियां खेली जिससे न्यूजीलैंड श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा।

# श्रीलंका और भारत में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद Gautam Gambhir पर उठ रहे सवाल

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अभूतपूर्व हार ने गौतम गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बमुश्किल तीन महीने बाद ही भारी दबाव में डाल दिया है। गंभीर को काफी धूमधाम से राष्ट्रीय टीम के कोच पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन समिति की बैठक में भी शामिल किया गया था। नयी दिल्ली । श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अभूतपूर्व हार ने गौतम गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बमुश्किल तीन महीने बाद ही भारी दबाव में डाल दिया है। गंभीर को काफी धूमधाम से राष्ट्रीय टीम के कोच पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन समिति की बैठक में भी शामिल किया गया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनके शुरुआती रिपोर्ट कार्ड से साफ पता चलता है कि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें अच्छी नहीं दिख रही हैं।गंभीर को टीम चयन मामलों में भी काफी छूट दी गयी है और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर टीम के प्रदर्शन में बड़ा सुधार नहीं होता है तो आने वाले समय में टीम से संबंधित मुद्दों पर उतनी अहम भूमिका नहीं निभा पाएंगे।गंभीर के कमान संभालने के तुरंत बाद, भारत 27 वर्षों में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय श्रृंखला हार गया और फिर न्यूजीलैंड ने रविवार को घरेलू टेस्ट में अपनी टीम का 3–0 से सफाया कर दिया। भारत का इससे पहले कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ नहीं हुआ था। टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है लेकिन स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बावजूद मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार पिच के चयन करने पर उन पर सवाल उठ रहे हैं।

# मोहम्मद शमी को लेकर आई बुरी खबर, रणजी के अगले 2 राउंड से बाहर हुए अनुभवी गेंदबाज

मोहम्मद शमी को एक्शन में देखने के लिए फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। शमी जो रणजी ट्रॉफी में नजर आने वाले थे वह अगले दो राउंड के मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। बंगाल के लिए खेलने वाले ये तेज गेंदबाज के लिए बड़ा झटका है।टीम इंडिया से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को एक्शन में देखने के लिए फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। शमी जो रणजी ट्रॉफी में नजर आने वाले थे वह अगले दो राउंड के मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। बंगाल के लिए खेलने वाले ये तेज गेंदबाज के लिए बड़ा झटका है। 34 साल के शमी ने अपना पिछला मैच वनडे वर्ल्ड कप में खेला गया था। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच के बाद से मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना नहीं गया था। वह बंगाल के पहले दो राउंड के मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बंगाल को पहला मैच बेंगलुरु और दूसरा मैच इंदौर में खेलना है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बंगाल के कोच लक्ष्मी रत्न शुक्ला ने कहा था कि शमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए खुद को तैयार कर रहे थे। ऐसा करने से पहले वह रणजी ट्रॉफी खेलने चाहते हैं ताकि उन्हें मैच टाइम मिले। कोच को इस बात की भी खुशी भी कि टीम के चार खिलाड़ी इंडिया और इंडिया ए के लिए खेलते हैं। हालांकि, फिलहाल ये संभव होता नहीं दिख रहा है।

# पैरों को मजबूती देने समेत कई लाभ प्रदान कर सकता है सीढ़ियों से चढ़ना–उतरना



सीढ़ियों से चढ़ना–उतरना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जो आपके पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। यह न केवल आपकी सहनशक्ति बढ़ाता है, बल्कि आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।इस लेख में हम सीढ़ियां चढ़ने–उतरने के अलग–अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे और बताएंगे कि कैसे यह एक्सरसाइज आपके फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन सकती है।सीढ़ियां चढ़ने–उतरने के फायदे

सीढ़ियां चढ़ना–उतरना एक उच्च तीव्रता वाली कार्डियो एक्सरसाइज है, जो आपकी कैलोरी बर्न करने की क्षमता को बढ़ाता है।यह आपके हृदय गति को तेजी से बढ़ाता है, जिससे आपका हृदय और फेफड़े मजबूत होते हैं।इसके अलावा नियमित रूप से सीढ़ियां चढ़ने से आपकी सहनशक्ति भी बेहतर होती है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं।यह एक्सरसाइज आपके पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है, खासकर जब आप इसे अपने रोजमर्रा के रूटीन में शामिल करते हैं।

मांसपेशियों की मजबूती

सीढ़ियां चढ़ते समय आपके पैर, जांघें और कूल्हों की मांसपेशियों पर अधिक दबाव पड़ता है। इससे इन मांसपेशियों में खिंचाव होता है और वे मजबूत बनती हैं। खासकर अगर आप वजन लेकर या तेज गति से सीढ़ियां चढ़ते हैं तो इसका असर जल्दी दिखाता है।इसके अलावा यह शरीर के निचले हिस्से को भी टोन करता है। नियमित अभ्यास से आपकी मांसपेशियों में लचीलापन भी आता है और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

शरीर का संतुलन सुधारने में है कारगर

सीढ़ियां चढ़ते–उतरते समय आपको अपने शरीर का संतुलन बनाए रखना पड़ता है, जिससे आपके शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है।यह एक्सरसाइज आपके पैर, जांघ और कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।खासकर बुजुर्गों के लिए यह बहुत फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे गिरने का खतरा कम हो जाता है और उनकी चाल–ढाल में सुधार होता है।इसके अलावा यह एक्सरसाइज आपके शरीर के निचले हिस्से को टोन करता है और मांसपेशियों में लचीलापन लाता है।वजन घटाने में मददगार अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो सीढ़ियां चढ़ना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह व्यायाम बहुत सारी कैलोरी बर्न करता है और साथ ही आपकी मेटाबॉलिज्म दर को भी बढ़ाता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।इसके अलावा यह आपके शरीर की चर्बी को कम करने में भी सहायक होता है।सीढ़ियां चढ़ने से आपके पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव होता है, जिससे वे मजबूत बनती हैं और आपका स्टैमिना भी बढ़ता है।

# रेजर बर्न की समस्या से छुटकारा दिला सकता है आंवला का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

रेजर बर्न एक आम समस्या है, जो शेविंग के बाद त्वचा पर जलन और लालिमा का कारण बनती है। इससे निपटने के लिए कई घरेलू नुस्खे हैं, जिनमें से एक है आंवला तेल का उपयोग।आंवला तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को राहत देने में मदद करते हैं।इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप आंवला तेल की मदद से रेजर बर्न को शांत कर सकते हैं।

रेजर बर्न होने पर सबसे पहले अपनी त्वचा को अच्छी तरह साफ करें।इसके लिए गुनगुने पानी और माइल्ड फेस वॉश का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा पर जमा धूल–मिट्टी और बैक्टीरिया हट जाएंगे, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा।साफ–सुथरी त्वचा पर जब आप आंवला तेल लगाएंगे तो यह जल्दी असर करेगा और जलन कम होगी।इसके अलावा साफ त्वचा पर तेल के पोषक तत्व भी बेहतर तरीके से अवशोषित होंगे, जिससे राहत मिलेगी।

आंवला तेल को हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और धीरे–धीरे मसाज करें। इससे रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा को आराम मिलता है। ध्यान रखें कि मसाज करते समय ज्यादा दबाव न डालें क्योंकि इससे जलन बढ़ सकती है।आंवला तेल के नियमित उपयोग से रेजर बर्न जल्दी ठीक हो सकता है। इसे दिन में दो बार लगाने से भी फायदा होता है, जिससे त्वचा को राहत मिलती है और जलन कम होती है।

आंवला तेल लगाने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर ठंडा प्रभाव देना भी फायदेमंद होता है।इसके लिए आप एक साफ कपड़े में कुछ आइस क्यूब्स लपेटकर उसे हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। ठंडक मिलने से जलन कम होती है और सूजन भी घटती है।अगर आइस क्यूब्स उपलब्ध नहीं हैं तो आप ठंडे पानी में भिगोए हुए कपड़े का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा को राहत मिलेगी और रेजर बर्न की समस्या जल्दी ठीक होगी।



अगर आपकी समस्या ज्यादा गंभीर नहीं है तो आप रातभर के लिए आंवला तेल लगा सकते हैं।सोने से पहले इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर छोड़ दें ताकि यह पूरी रात काम कर सके। अगली सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।इससे आपकी त्वचा नरम होगी और रेजर बर्न की समस्या भी धीरे–धीरे खत्म हो जाएगी। आंवला तेल के पोषक तत्व रातभर में त्वचा को आराम पहुंचाते हैं और जलन को कम करते हैं।नियमित उपयोग करें

आंवला तेल का नियमित उपयोग करना बहुत जरूरी है ताकि आपको लंबे समय तक इसका फायदा मिल सके।हफ्ते में 2 या 3 बार इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी और भविष्य में रेजर बर्न की संभावना भी कम होगी।इस प्रकार इन सरल उपायों को अपनाकर आप आसानी से रेजर बर्न की समस्या को दूर कर सकते हैं और अपनी त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com

# फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर जारी, पत्रकार की भूमिका में खूब जंचे विक्रांत मैसी

द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में भारत के हालिया इतिहास की एक चौंकाने वाली और प्रभावशाली घटना की झलक देखने मिली थी. लेकिन ये बस उस हादसे की झलक थी. मेकर्स ने अब तक दर्शकों को दिलचस्प पोस्टर्स के साथ बांधे रखा था. वहीं अब उस कड़वी सच्चाई को दिखाने वाली फिल्म का दमदार ट्रेलर को रिलीज हो गया है. 27 फरवरी 2002 की सुबह साबरमती एक्सप्रेस में क्या हुआ, इसकी सच्चाई को दिखाते हुए, द साबरमती रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला ट्रेलर अब सामने आ गया है. ये ट्रेलर हमें एक ऐसी घटना के सफर पर ले जाता है, जिसने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक चेहरे को बदल दिया. इस घटना पर ये नजरिया कभी ज्यादा चर्चा में नहीं आया, लेकिन इसने कई जिंदगियों को प्रभावित किया है. विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा पत्रकारों के किरदारों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. ट्रेलर से ये साफ हो गया है कि यह फिल्म एक गहरी छाप छोड़ेगी, जो इस दिल दहला देने वाली घटना की सच्चाई को उजागर करेगी और दर्शकों को जागरूक करेगी. इस ट्रेलर में हिंदी भाषी और अंग्रेजी पत्रकारों के बीच का वैचारिक अंतर सामने लाया गया है, जो पश्चिमी प्रभाव से इंस्पायर होते हुए भी दुखद घटनाओं की राजनीति और कवरेज को प्रभावित करते हैं. बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले प्रेजेंट, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं. फिल्म को धीरज सरना ने डायरेक्ट और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है. द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# विक्की कौशल की छावा की रिलीज टली, अब पुष्पा 2 द रूल से नहीं होगा सामना

पिछले लंबे समय से विक्की कौशल अपनी फिल्म छावा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है।इस फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।आइए जानते हैं निर्माताओं ने यह फैसला क्यों लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, छावा अब अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा।ऐसा कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ टकराव से बचने के लिए यह फैसला लिया है।यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। छावा में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म की टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।हाल ही में विक्की और रश्मिका ने मुंबई में 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ फिल्म का एक खास गाना शूट किया है।



# पुष्पा द रूल में नजर आएंगी श्रीलीला, अल्लू अर्जुन के साथ करेंगी डांस



अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पारू द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह 2021 में आई फिल्म पुष्पारू द राइज का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।पुष्पारू द रूल 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।अब खबर आ रही है कि पुष्पारू द रूल की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में अल्लू के साथ एक गाने में डांस करती नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पारू द रूल के आइटम नंबर के लिए श्रीलीला को चुना गया है।इससे पहले निर्माताओं ने श्रद्धा कपूर से भी संपर्क किया था, लेकिन मुंहमांगी रकम के कारण निर्माताओं ने उनकी छुट्टी कर दी। इसके अलावा इस आइटम नंबर के लिए तृप्ति डिमरी से भी बात हो चुकी है।श्रीलीला फिल्म के एक विशेष गाने में डांस करती नजर आएंगी। इस दौरान अल्लू उनका साथ देने वाले हैं। पुष्पारू द रूल के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फहद फासिल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।पुष्पारू द रूल हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी। यह पहली पैन–इंडिया फिल्म है, जो बंगाली भाषा में रिलीज होने वाली है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बाक्स आफिस पर भूल भुलैया 3 ने छठे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये, जानिए कुल कारोबार

कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है।यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस धुआंधार कमाई कर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।अब भूल भुलैया 3 की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने छठे दिन यानी बुधवार को 10.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 148.50 करोड़ रुपये हो गया है।भूल भुलैया 3 ने 35.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 37 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 33.5 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।चौथे दिन इस फिल्म ने 18 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 13.5 करोड़ रुपये कमाए।भूल भुलैया 3 में कार्तिक एक बार फिर रूह बाबा के अवतार में नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्देशक अनीस बाज्मी हैं। पिछले दोनों भागों का निर्देशन भी इन्होंने ही किया था।राजपाल यादव, संजय मिश्रा और अश्विनी कालसेकर जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।भूल भुलैया 3 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया का तीसरा भाग है। इस फिल्म का सीक्वल 2022 में आया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।

# रिवीलिंग लहंगा पहन पूजा हेगड़े ने इंटरनेट पर लगाई आग, एक्ट्रेस की हाटनेस देख होश खो बैठे फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जैसे ही अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स में फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। पूजा हेगड़े जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# आजाद से राशा थडानी की पहली झलक आई सामने, अमन देवगन दिखे साथ



अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह अपनी पहली फिल्म आजाद को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में राशा की जोड़ी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ बनी है।अब आजाद से राशा की पहली झलक सामने आ चुकी है। सामने आए पोस्टर में वह अमन के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री को प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। राशा और अमन के अलावा फिल्म आजाद में अजय देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।यह फिल्म अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है।अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, हर यादगार कहानी की शुरुआत एक प्रेम कहानी से होती है।डायना पेंटी, मोहित मलिक और पीयूष मिश्रा जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो जारी, जानिए कौन होंगे मेहमान

अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।इस सीजन के अब तक 7 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं,



जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है।शो के आठवें एपिसोड में जाने–माने बिजनेस आइकॉन नारायण मूर्ति, सुधा मूर्ति, दीपिंदर गोयल और जिया गोयल नजर आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2 का नया प्रोमो साझा करते हुए लिखा, इस फनीवार बिजनेस आइकॉन को उनके अलग अवतार में देखने के लिए तैयार हो जाइए। इस एपिसोड को आप 9 नवंबर, 2024 को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें नारायण इंफोसिस के 7 सह–संस्थापकों में से एक हैं। उनकी पत्नी सुधा भी इस शो में आएंगी। उधर, जोमैटो के सीईओ भी अपनी पत्नी जिया के साथ शो में दिखाई देंगे।

## विक्की कौशल की छावा की रिलीज टली, अब पुष्पा 2 द रूल से नहीं होगा सामना

पिछले लंबे समय से विक्की कौशल अपनी फिल्म छावा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है।इस फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।आइए जानते हैं निर्माताओं ने यह फैसला क्यों लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, छावा अब अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा।ऐसा कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ टकराव से बचने के लिए यह फैसला लिया है।यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। छावा में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।



# रेजर बर्न की समस्या से छुटकारा दिला सकता है आंवला का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

रेजर बर्न एक आम समस्या है, जो शेविंग के बाद त्वचा पर जलन और लालिमा का कारण बनती है। इससे निपटने के लिए कई घरेलू नुस्खे हैं, जिनमें से एक है आंवला तेल का उपयोग।आंवला तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को राहत देने में मदद करते हैं।इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप आंवला तेल की मदद से रेजर बर्न को शांत कर सकते हैं।त्वचा की सफाई करें रेजर बर्न होने पर सबसे पहले अपनी त्वचा को अच्छी तरह साफ करें।इसके लिए गुनगुने पानी और माइल्ड फेस वॉश का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा पर जमा धूल–मिट्टी और बैक्टीरिया हट जाएंगे, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा।साफ–सुथरी त्वचा पर जब आप आंवला तेल लगाएंगे तो यह जल्दी असर करेगा और जलन कम होगी।इसके अलावा साफ त्वचा पर तेल के पोषक तत्व भी बेहतर तरीके से अवशोषित होंगे, जिससे राहत मिलेगी। हल्के हाथों से मसाज करें आंवला तेल को हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और धीरे–धीरे मसाज करें। इससे रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा को आराम मिलता है। ध्यान रखें कि मसाज करते समय ज्यादा दबाव न डालें क्योंकि इससे जलन बढ़ सकती है।आंवला तेल के नियमित उपयोग से रेजर बर्न जल्दी ठीक हो सकता है। इसे दिन में दो बार लगाने से भी फायदा होता है, जिससे त्वचा को राहत मिलती है और जलन कम होती है। ठंडे प्रभाव से होगा फायदा आंवला तेल लगाने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर ठंडा प्रभाव देना भी फायदेमंद होता है।इसके लिए आप एक साफ कपड़े में कुछ आइस क्यूब्स लपेटकर उसे हल्के हाथों से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। ठंडक मिलने से जलन कम होती है और सूजन भी घटती है।अगर आइस क्यूब्स उपलब्ध नहीं हैं तो आप ठंडे पानी में भिगोए हुए कपड़े का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा को राहत मिलेगी और रेजर बर्न की समस्या जल्दी ठीक होगी।रातभर छोड़ें

अगर आपकी समस्या ज्यादा गंभीर नहीं है तो आप रातभर के लिए आंवला तेल लगा सकते हैं।सोने से पहले इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर छोड़ दें ताकि यह पूरी रात काम कर सके। अगली सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।इससे आपकी त्वचा नरम होगी और रेजर बर्न की समस्या भी धीरे–धीरे खत्म हो जाएगी। आंवला तेल के पोषक तत्व रातभर में त्वचा को आराम पहुंचाते हैं और जलन को कम करते हैं।नियमित उपयोग करें आंवला तेल का नियमित उपयोग करना बहुत जरूरी है ताकि आपको लंबे समय तक इसका फायदा मिल सके।हफ्ते में 2 या 3 बार इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी और भविष्य में रेजर बर्न की संभावना भी कम होगी।इस प्रकार इन सरल उपायों को अपनाकर आप आसानी से रेजर बर्न की समस्या को दूर कर सकते हैं और अपनी त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं।

## बाक्स आफिस पर भूल भुलैया 3 ने छठे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये, जानिए कुल कारोबार

कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है।यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस धुआंधार कमाई कर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।अब भूल भुलैया 3 की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने छठे दिन यानी बुधवार को 10.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 148.50 करोड़ रुपये हो गया है।भूल भुलैया 3 ने 35.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 37 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 33.5 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।चौथे दिन इस फिल्म ने 18 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 13.5 करोड़ रुपये कमाए।

भूल भुलैया 3 में कार्तिक एक बार फिर रूह बाबा के अवतार में नजर आ रहे हैं।



## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर जारी, पत्रकार की भूमिका में खूब जंचे विक्रांत मैसी

द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में भारत के हालिया इतिहास की एक चौंकाने वाली और प्रभावशाली घटना की झलक देखने मिली थी. लेकिन ये बस उस हादसे की झलक थी. मेकर्स ने अब तक दर्शकों को दिलचस्प पोस्टर्स के साथ बांधे रखा था. वहीं अब उस कड़वी सच्चाई को दिखाने वाली फिल्म का दमदार ट्रेलर को रिलीज हो गया है. 27 फरवरी 2002 की सुबह साबरमती एक्सप्रेस में क्या हुआ, इसकी सच्चाई को दिखाते हुए, द साबरमती रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला ट्रेलर अब सामने आ गया है. ये ट्रेलर हमें एक ऐसी घटना के सफर पर ले जाता है, जिसने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक चेहरे को बदल दिया. इस घटना पर ये नजरिया कभी ज्यादा चर्चा में नहीं आया, लेकिन इसने कई जिंदगियों को प्रभावित किया है. विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा पत्रकारों के किरदारों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. ट्रेलर से ये साफ हो गया है कि यह फिल्म एक गहरी छाप छोड़ेगी, जो इस दिल दहला देने वाली घटना की सच्चाई को उजागर करेगी और दर्शकों को जागरूक करेगी. इस ट्रेलर में हिंदी भाषी और अंग्रेजी पत्रकारों के बीच का वैचारिक अंतर सामने लाया गया है, जो पश्चिमी प्रभाव से इंस्पायर होते हुए भी दुखद घटनाओं की राजनीति और कवरेज को प्रभावित करते हैं. बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले प्रेजेंट, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं. फिल्म को धीरज सरना ने डायरेक्ट और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है. द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# विकास खंड जोगिया के ग्राम सभा बरैनिया मे किया गया चौपाल का आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

शासन की मंसा के अनुसार सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचाने और उन योजनाओं का लाभ ग्राम सभा मे दिलाने के लिए सरकार ने ग्राम सभा मे बने पंचायत भवन में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सभी सुबिधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है सरकार की मंसा के अनुसार ग्राम सभा के प्रधान, सचिव,और अन्य विभागों के कर्मचारी की उपस्थिति में प्रत्येक विकास खंड में शुक्रवार के दिन जन चौपाल का आयोजन किया जाता है जिसमे ग्रामीणों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली योजनाओं और लाभ को लेकर जागरूक किया जाता है इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्या को सुना जाता है और उसका निस्तारण किया जाता है जिन समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर से नही होता है उसको उच्च अधिकारियो से निस्तारित करवाया जाता है इसी कड़ी में आज विकास खंड जोगिया के ग्राम सभा बरैनिया मे जन चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में आये ग्रामीणों की समस्या सुनी गई सचिव मोहम्मद मुस्तफा द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण जल्द करने का आश्वासन दिया गया उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से बताई और ज्यादा से ज्यादा उसका लाभ लेने की बात कही।

# लघु सेतु द्वारा कराए गए आर सी सी बाक्स निर्माण कार्य का जिकाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–



जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 25 पर परासी नाले पर 3.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु का निर्माण कार्य, बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 19 पर अकरारी नाले पर 3.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु का निर्माण कार्य तथा बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 40 में स्थित पेड़ारी नाले पर 2.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा की अवशेष कार्यो को समय से व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी ने बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 25 पर परासी नाले पर 3.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु तथा बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 19 पर अकरारी नाले पर 3.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु को माह नवम्बर के अन्त तक तथा बांसी इटवा बेलवा मार्ग (राज्यमार्ग सं0–159) के किमी0 40 में स्थित पेड़ारी नाले पर 2.6 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 वॉक्स लघु सेतु को दिसम्बर के अन्त तक हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया।

# शोहरतगढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा मे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यो का किया गया निरीक्षण

C;jk fl)kFkuxj&



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ में ग्राम पंचायत सेमरा में महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्माणाधीन पार्क, एवं ग्राम पंचायत अलीदापुर में कंपोजिट विद्यालय में एम.डी.एम शेड निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय यशोवर्धन सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें पार्क के बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है मिट्टी पटाई का कार्य एवं पार्क का सम्पर्क मार्ग निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत अलीदापुर में ड.क.ड. शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसका कार्य नींव स्तर तक पूर्ण है पिलर का कार्य प्रगति पर है खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत गौरा अलीदापुर में कंपोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया नामाकंन 245 के सापेक्ष मात्र 102 बच्चें उपस्थित पाये गए बताया गया कि छठ के कारण संख्या कम है प्रधानाध्यापक एवं अन्य अध्यापक को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम. डी.एम. में तहरी बनाया गया, परंतु सैंपल नहीं रखा गया है रसोइए को एप्रन एवम हेड कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिया गया अधिकांश बच्चें ड्रेस में नहीं थे प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया निपुण के सम्बन्ध में शिक्षक से वार्तालाप किया गया विद्यालय में कायाकल्प का कार्य कराया गया है कुछ भवन की प्लास्टर की मरम्मत करने एवं परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्देश दिया गया ।

# आरोग्य मंदिर एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा आयुष्मान अरोग्य मन्दिर एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गौरा अलीदापुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़ एवं सी0एच0ओ0 खुशबू एवं ए0एन0एम0 हिमानी उपस्थित थी ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि प्रसव केन्द्र संचालित है, परन्तु भवन की स्थिति खराब है जिसमें आवश्कतानुसार छत एवं प्लास्टर की मरम्मत तथा बिजली, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत से आवश्यकतानुसार मरम्मत कराना सुनिश्चित करें आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टर का अवलोकन किया गया खुशबु द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 10–15 ग्रामवासियों की ओ0पी0डी0ध्स्क्रीनिंग किया जा रहा है दस्तक, संचारी अभियान एवं अन्य आयोजित मेला व पखवाडा में ग्राम में भ्रमण करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाए उपलब्ध कराया जा रहा है मलेरिया, एच0आई0बी0, डेगू की किट की उपलब्धता की जानकारी किया गया बताया गया कि डेगू की किट समाप्त हो गयी है जिसके लिए विभाग को निर्देशित किया गया कि आवश्यक दवाओं एवं किट की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय जिससे स्क्रीनिंग की कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।



# परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों का टर्न आउट चेक कर परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया है। आर्मोरर ने दंगा नियंत्रण शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए निर्देश दिये। पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही आदेश कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजेश द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

# बड़े लेखपत्रो का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर द्वारा राजेश कुमार सिंह, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, उप निबन्धक नौगढ सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ बड़े मूल्य के लेखपत्रों के निरीक्षण के अर्न्तगत उप निबन्धक कार्यालय नौगढ में पंजीकृत लेखपत्र संख्या 6975 वर्ष 2024 ग्राम पकड़ी तप्पा निक्सौली परगना व तहसील नौगढ के गाटा सं0 242ध1.0850 हे0 मे से विकीत रकबा 0.322457 हे0 का विक्रय किया गया है जिसमें विक्रेता सुरूची पत्नी विशाल उर्फ बालकिशुन एवं क्रेता रिकी कसौधन व आलोक अग्रहरी है लेखपत्र में प्रतिफल रू0 54,00,000ध– एवं मालियत रू0 1,04,87,000ध– पर रू० 7,34,090ध– का स्टाम्प शुल्क एवं रू0 1,04,870ध– निबन्धन शुल्क अदा कर पंजीकृत कराया गया है जाँच में पाया गया कि लेखपत्र में स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन शुल्क कम अदा किया गया है तथा लेखपत्र संख्या 6975 वर्ष 2024 ग्राम पिठनी खुर्द तप्पा थरौली परगना व तहसील नौगढ के गाटा सं० 101 मि0ध0.0730 हे0 मे से विकीत रकबा 316 वर्गमीटर जिसमें मकान भी निर्मित है, का विक्रय किया गया है जिसमें विक्रेता देवेन्द्र देव पुत्र श्यामनारायन एवं केता ईश्वर देव त्रिपाठी एवं बलिभद्र त्रिपाठी है लेखपत्र में प्रतिफल रू0 1,25,00,000ध– एवं मालियत रू0 1,24,69,000ध– पर रू0 8,75,000ध– का स्टाम्प शुल्क एवं रू0 1,25,000ध– निबन्धन शुल्क अदा कर पंजीकृत कराया गया है।



# जिले में धूमधाम एवं शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुआ छठ पर्व

ब्यूरो शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर– हिन्दू रीति रिवाजों में बहुत सारे त्योहार मनाने का रिवाज है नवरात्रि शुरू होते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है नवरात्रि, दसहरा,दीपावली, भाई दूज,गोवर्धन पूजा,उसके बाद छठ का पर्व ये छठ पर्व की शुरुआत विहार से हुई है छठ का पर्व विहार का प्रसिद्ध पर्व है छठ पर्व धीरे धीरे पूरे देश मे मनाया जाने लगा इस पर्व की भी अपनी एक मान्यता और महत्व है इस पर्व को लेकर महिलाएं बहुत उत्सुक रहती है इसी कड़ी में शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महली में छठ पूजा काफी धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान गिरजेश चौधरी एवं वार्ड सदस्य संजय पांडेय द्वारा महिलाओं के लिए घाट पर टेंट, लाइट ,डीजे आदि की समुचित व्यवस्था किया गया हर वर्ष की भाती इस वर्ष महिलाओं में काफी हर्ष उल्लास दिखाई दिया इस पावन पर्व पर महिलाओं ने ग्राम प्रधान गिरजेश चौधरी की भूरी भूरी प्रशंसा की इसी कड़ी में नगर पालिका नौगढ़ के जमुआर घाट पर भी महिलाओ ने उगते सूर्य को अर्ग देकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपना व्रत पूरा किया नगर पालिका की तरफ से जमुआर घाट पर विशेष व्यवस्था की गई थी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे साथ ही विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत महदेवा में प्रधान प्रतिनिधि सुहेल अहमद द्वारा छठ पूजा घाट पर बेहतर व्यवस्था की गई थी हर वर्ष ग्राम सभा महदेवा में सुहेल द्वारा सुरक्षा और नाश्ते के प्रबंध किया जाता है इस वर्ष भी प्रधान प्रतिनिधि सुहेल ने ग्राम पंचायत की महिलाओ के लिए बेहतर प्रबंध किया ग्राम सभा के लोगो ने सुहेल की प्रशंसा की।



# 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद

चित्रकूट। रैपुरा थाना के एसआई रामप्रीत सिंह ने टीम के साथ राजू सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बगरेही को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चित्रकूट। मानिकपुर थाना के एसआई रामेश्वर प्रसाद ने टीम के साथ वारंटी अमित पुत्र सोहनलाल निवासी सुअरगढा को गिरफ्तार किया है।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के बीच कराया सुलह

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी एके सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए रिश्ते को टूटने से बचाया है। थाना रैपुरा के अतरौली बसिला निवासी नेहा पुत्री रामकृपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि उनके पति गिरधारी पुत्र घनश्याम उर्फ पप्पू निवासी दरसेड़ा पहाड़ी गालीगलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करते हैं। इस पर एसपी ने निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। केन्द्र प्रभारी गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने दोनो पक्षों को केंद्र बुलाया। समझा कर भविष्य में आपस में मारपीट, गालीगलौज व लड़ाई झगड़ा न करने व परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। इस पर दम्पति के बीच सुलह हो गया।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

मृत्युंजय, अनुपम व अमित रहे अव्वल

चित्रकूट(आरएनएस)। बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ीपुलिया के छात्र मृत्युंजय, अनुपम राजपूत एवं अमित पांडेय ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगर में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय से चार छात्रों ने जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। जनसेवा इण्टर कालेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर के कई सरकारी, गैरसरकारी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं

# अधिवेशन की तैयारियां पूरी, प्रख्यात लेखिका नीरजा माधव करेंगी उद्घाटन

## -आज से होगा अवकाश प्राप्त शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन

चित्रकूट(आरएनएस)। उप्र माध्यमिक अवकाश प्राप्त शिक्षक बेलफेयर एसोसियेशन का तीन दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में 9, 10 व 11 नवम्बर को होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा व सम्मेलन के प्रधान संयोजक रमेश चन्द्र सिंह ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात कथा लेखिका साहित्यकार व राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डा नीरजा माधव व विशिष्ट अतिथि जेआरएचयू के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय होंगे। यह सम्मेलन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के पिता शिक्षा व शिक्षकों के हितों के लिए आजीवन संघर्षरत स्मृति शेष हरिनारायण सिंह तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष की पुण्यस्मृति में आयोजित हो रहा है। पत्रकारों से रूबरू हुए जिलाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि यह सम्मेलन दिवंगत शिक्षक नेता हरिनारायण सिंह को समर्पित होगा। इस मौके पर उनके पारिवारिकजनों को सम्मानित किया जायेगा। अधिवेशन के पहले सत्र में दिवंगत शिक्षक नेता राजाराम पांडेय, रामतीर्थ उपाध्याय, अवधेश सिंह गौड़, करूणा शंकर शुक्ला, शिवशंकर लाल शर्मा, तेज नारायण पांडेय के परिजन भी सम्मानित होंगे। दूसरे सत्र में शैक्षणिक संगोष्ठी होगी। दूसरे दिन चित्रकूट आध्यात्मिक भ्रमण और शाम को कवि सम्मेलन होगा। अन्तिम दिन मांग पत्र व प्रतिवेदन महामंत्री राजकुमार बाजपेई द्वारा पढा जायेगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा महेन्द्र देव व विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा व आयुष ग्राम चिकित्सालय के निदेशक प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डा मदन गोपाल बाजपेई रहेंगे। इसके अलावा सम्मेलन में बनारस के प्रख्यात साहित्यकार हिमांशु उपाध्याय, डा कवीन्द्र नारायण, डॉ बेनीमाधव, नरेन्द्र कुमार मिश्र मुख्य वक्ता के रूप में अपना उद्बोधन देगें। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिये प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र, प्रधान संयोजक रमेश चन्द्र सिंह चित्रकूट में डेरा डाल दिया हैं। बताया कि सभी बयोवृद्ध शिक्षक नेताओं के आवास, भोजन आदि की व्यवस्था आनन्द रिसार्ट में की गई है।

सम्मेलन को सफल आयोजन कराने के लिये डा आलोक कुमार पांडेय, केशव कुमार माथुर, प्रताप नारायण सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, निर्मलेन्द्र पांडेय आदि जुटे हुये हैं। इस मौके पर मोहित कुमार बाजपेई, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, रामशंकर वर्मा भी मौजूद रहे।

# खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिले के सभी तहसीलों में विपणन विकास सहायता योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया जाने का लिया गया निर्णय

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त तहसीलों के ब्लाक मुख्यालय पर एक–एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है जनपद सिद्धार्थनगर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा शीघ्र ही एक–एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रतिभागियों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित समस्त रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी उक्त कार्यक्रम में आवेदन से लेकर उद्योग स्थापना तक की सभी प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट नचाअपइण्हवअण्पद पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा खादी ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत उद्यम स्थापना हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को बैंकों के माध्यम से नियमानुसार वित्तीय सहायताध ऋण अनुदान आदि उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी निधारित प्रारूप पर आनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभागियों का चयन एवं स्थल का चयन तथा तिथि का निर्धारण जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा किया जायेगा। जागरूकता कार्यक्रम के स्थल व तिथि की सूचना बाद में उनके मोबाइल नम्बर पर दी जायेगी अधिक

जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन द्वितीय तल से सम्पर्क कर सकते हैं, एवं मोबाइल नम्बर–9580503136, 9453938215 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सिद्धार्थनगर गंगाधर दूबे द्वारा दिया गया है।

# आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में नष्ट किया लहन

चित्रकूट(आरएनएस)।: जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को आबकारी टीम ने कर्वी कोतवाली अंतर्गत मंदाकिनी नदी के तटवर्ती इलाके में दबिश दी। इस दौरान कच्ची शराब बरामद कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया।जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ मंदाकिनी नदी के तटवर्ती पर स्थित टिकुरा गांव में दबिश दी। जहां पर कुल 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान बारह कुंटल लहन और अवैध शराब बनाने के उपकरण भी नष्ट किए गए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मामले दर्ज किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान आबकारी सिपाही धर्मेंद्र कुमार, आबकारी सिपाही शिव सागर, लालचंद्र, सागर, दीपक, दुष्यंत, महिला सिपाही रंजना सिंह, सुमित्रा, शोभा आदि मौजूद रहे।

# आम रास्ते में निर्माण रोकने की मांग

चित्रकूट। सीतापुर के तीर्थराजपुरी निवासियों ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बताया कि वर्षों पुराने आम रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर कब्जा कर लिया है। इसमें निर्माण कराया जा रहा है। इससे बस्ती के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। मोहल्ले के हीरालाल जोशी, संतोष गिरी, राजेश, विनोद, मंगल व दरबारी आदि ने डीएम को पत्र देकर अवैध निर्माण रूकवाने व बस्ती का मार्ग बहाल कराने की मांग की है।

# ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

चित्रकूट(आरएनएस)। चलती ट्रेन से गिरकर यात्री घायल हो गया। देवरिया जिले के सलहपुर टेघर निवासी सत्यदेव उर्फ छोटू (21) मुंबई जा रहा था। डभौरा स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। जीआरपी ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

# प्लास्टिक के खिलाफ चलाएं अभियान, करें जुर्माना- सीडीओ

चित्रकूट(आरएनएस)। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही कराएं और जुर्माना भी कराया जाए। प्रचार प्रसार भी कराकर जानकारी दें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि रामघाट से लेकर कर्वी तक जो मंदाकिनी नदी में नाला गिर रहे हैं उसके टैपिंग के लिए जल निगम से संपर्क कर व्यवस्था करें। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अमृत नगरीय योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जो पौधारोपण कराया गया है , उसकी शत प्रतिशत जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, क्योंकि इसकी शासन व मंडलीय समीक्षा होती है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।